इसलिए शिकायतें थम नहीं रही हैं। जानकारों के अनुसार कोविडकाल के पहले पूर्वोत्तर रेलवे में रेल मदद एप के विभिन्न मोड पर 150 से 200 शिकायतें आती थीं। कोविडकाल में ट्रेनों का संचालन ठप हुआ तो यह संख्या 50 तक पहुंच गई, लेकिन सभी नियमित ट्रेनों के चलने व बेडरोल मिलने के साथ ही शिकायतों की संख्या 250 से 300 के आसपास पहुंच गई।

## स्कूल-कालेज में पढ़ाया जाएगा सड़क सुरक्षा का पाठ, उच्च शिक्षा मंत्री की बैठक में हुआ निर्णय

**लखनऊ (एजेंसी)**



स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में अब सड़क सुरक्षा को भी शामिल किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में शिक्षा से जुड़े सभी विभागों की संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया। विधान भवन में हुई इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इंजीनियरिंग कालेजों के छात्रों को सड़क सुरक्षा विषय पर प्रोजेक्ट वर्क भी दिया जाएगा।

इसे नए शैक्षिक सत्र से लागू किया जाएगा। वहीं सभी शिक्षण संस्थानों में इस विषय पर निबंध व क्विज प्रतियोगिताएं आदि भी आयोजित की जाएंगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्राइमरी स्कूल व माध्यमिक स्कूल में पाठ्यक्रम स्तर पर या फिर नैतिक शिक्षा की किताब में भी सड़क सुरक्षा का अध्याय जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक सड़क सुरक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए अभी से तैयारियां शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि पांच जनवरी से लेकर चार फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। यह संवेदनशील विषय है। सड़क दुर्घटनाओं से लोगों की जान बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें सड़क सुरक्षा के विषय में जानकारी दी जाए और यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 21 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम रन फार जी-20 में भी सड़क सुरक्षा के विषय को शामिल किया जाए। सभी स्कूलों व कालेजों में एक साथ किसी एक दिन सड़क सुरक्षा पर निबंध व क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। वहीं प्रार्थना सभा में सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देने और इसके साथ यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई जाए।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि इंजीनियरिंग कालेज के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा पर दिए जाने वाले प्रोजेक्ट में इस बात पर जोर दिया जाए कि उनके शहर में सबसे व्यस्त ट्रैफिक वाले चौराहे को किस तरह सुव्यवस्थित किया जाए। शैक्षिक संस्थानों के बाहर जागरूकता के लिए होर्डिंग व पोस्टर भी लगाए जाएं। बैठक में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी व प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा सुधीर.एम.बोबड़े आदि शामिल रहे।

## याकूब कुरैशी और बेटों के ऐशोआराम के मामले में कार्रवाई, मेरठ की जेल से शिफ्ट होंगे तीनों, आदेश हुए जारी

**मेरठ (एजेंसी)**

पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी और उसके दोनों बेटों के जेल में ऐशोआराम के मामले में कारवाई की गई है। याकूब कुरैशी को सोनभद्र इमरान को सिद्धार्थनगर और फिरोज को बलरामपुर जेल में शिफ्ट करने के आदेश दिए। याकूब कुरैशी और उसके बेटे को सात जनवरी को पकड़ा था। याकूब कुरैशी और उसके बेटे इमरान को पुलिस ने सात जनवरी को दिल्ली से पकड़कर जेल भेजा था।

छोटा बेटा फिरोज उर्फ भूरा 27 नवंबर से जेल में बंद है। उनके अधिवक्ता ने तीनों की जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी लगा दी है। गैंगस्टर के अलावा धोखाधड़ी के मुकदमे में भी तीनों को आरोपित बनाया गया है। याकूब और इमरान के जेल में पहुंचने के बाद उनके ऐशोआराम का मामला सामने आया था। डीजी जेल आनंद कुमार की तरफ से मामले की जांच कराई गई थी, जिसमें आरोप सही पाए गए, जिस पर डीजे की तरफ से याकूब को सोनभद्र इमरान को सिद्धार्थनगर और फिरोज को बलरामपुर जेल में शिफ्ट करने के आदेश कर दिए हैं । जल्दी तीनों को अन्य जेलों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक राकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

याकूब और दोनों बेटों की फरारी के मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी के मुकदमे में सराय बहलीम स्थित मकान की कुर्की कर ली थी। मकान के मुख्य गेट पर पुलिस की सील लगी हुई है, जबकि दूसरे गेट से याकूब की पत्नी शमजिदा बेगम ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ प्रवेश कर लिया है। बताया जाता है कि शमजिदा घर के अंदर रह रही है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया, शमजिदा के कुर्क किए मकान में रहने की जानकारी नहीं है। फैंटम पुलिस अक्सर मकान की सील को चेक करती है।

## सर्द रात में बीएचयू की 200 छात्राएं कुलपति आवास के बाहर थाली लेकर धरने पर बैठीं, कहा- मिलता है घटिया खाना

**वाराणसी (एजेंसी)**

मेस में खाना सही न मिलने, वाईफाई की व्यवस्था न होने के साथ रात 10 बजे के बाद हास्टल में प्रवेश पर



पाबंदी के खिलाफ बीएचयू की छात्राओं ने सोमवार रात हल्ला बोल दिया। न्यू पीएचडी गर्ल्स हास्टल की सौ से अधिक छात्राएं कुलपति आवास के बाहर भोजन की थाली लेकर धरने पर बैठ गई। छात्राएं कुलपति से मिलने की जिद पर देर रात तक अड़ी रहीं। इस बीच बीएचयू का कोई बड़ा अधिकारी भी छात्राओं की समस्या सुनने नहीं पहुंचा था। छात्राओं का आरोप है कि उनसे हास्टल शुल्क के नाम पर हर साल 20,000 रुपये लिए जाते हैं। इसके बाद भी यहां पर सुविधाओं की कमी है। शुद्ध पेयजल की समस्या पहले से ही है। उसके अलावा वाईफाई की भी व्यवस्था नहीं है। एक मेस में 200 छात्रों के भोजन करने से लंबी कतार लग जाती है। इससे अधिक समय जाया होता है। इस संबंध में कई बार छात्र अधिष्ठाता व हास्टल वार्डन से शिकायत की गई। बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरी में आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। कड़ाके की ठंड के बाद भी छात्राएं खुले आसमान के नीचे कुलपति आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन कर रही थीं। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। उनकी कहना था कि किसी कार्य से बाहर जाने पर देर होती है तो रात 10 बजे के बाद हास्टल में प्रवेश नहीं दिया जाता।

## अलीगढ़ में सांप्रदायिक संघर्ष, पथराव-फायरिंग में तीन घायल, बाइक टकराने के बाद बवाल, एक घंटा जाम रहा आगरा रोड

**अलीगढ़ (एजेंसी)**



**सराय सुल्तानी में बाइक टकराने को लेकर हुआ विवाद। दोनों तरफ के रास्ते रोककर काबू किया हंगामा दहशत से बाजार बंद। दूसरी बार हुए पथराव में कार क्षतिग्रस्त। 9.15 बजे सराय सुल्तानी में मारपीट व पथराव। 12 बजे चौकी वाली गली में पथराव व फायरिंग।**

अलीगढ़ शहर के संवेदनशील इलाके सराय सुल्तानी में सोमवार रात बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद ने सांप्रदायिक रूप ले लिया। मुस्लिम युवकों ने हिंदू युवकों की घेरकर पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर पथराव हुआ। पुलिस की मौजूदगी में पथराव होता रहा।

कुछ राहगीरों से भी मारपीट की गई। दहशत से बाजार बंद हो गया। बड़ी संख्या में फोर्स पहुंचने पर आरोपित भाग गए। तीन लोग घायल हुए हैं। आक्रोशित हिंदू लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। आइजी दीपक कुमार, डीएम इंद्रविक्रम सिंह और एसएसपी कलानिधि नैथानी के पहुंचने पर मामला शांत हो गया, मगर रात 12 बजे सराय सुल्तानी चौकी वाली गली में मुस्लिम लोगों ने पथराव कर दिया। फायरिंग भी की। इससे एक कार क्षतिग्रस्त हुई है। हिंदू पक्ष की ओर से दो तहरीर दी गई हैं। एक 19 नामजद व 20 -25 अज्ञात लोगों के खिलाफ है और दूसरी एक नामजद व अज्ञातों के खिलाफ है। पक्की सराय के दिलीप उर्फ आकाश, हिमांशु व एक अन्य युवक रात करीब साढ़े आठ बजे होटल ताज के पास कुछ सामान लेने गए थे। इनकी बाइक अन्य वाहन से टकरा गई। आरोप है कि मुस्लिम युवकों ने गालीगलौज की। विरोध करने पर थप्पड़ मारा। वहां से गुजर रहे पक्की सराय के अंकित अपने परिचित हिमांशु को देखकर रुक गए।

विरोध करने पर मुस्लिम युवकों व ताज होटल के कर्मचारियों ने उनकी पिटाई कर दी। इन युवकों ने अपने परिचित लोगों को फोन कर दिया। कुछ देर बाद दोनों पक्षों के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान आगरा रोड पर करीब एक घंटे जाम रहा। घटना की जानकारी शहर में तेजी से फैल गई। सभी थानों के फोर्स ने हालात पर काबू पाया। दोनों तरफ के रास्ते बंद कर लोगों को हटाया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक सारस्वत ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। तनाव के चलते इलाके में फोर्स तैनात है।

युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसमें युवक आंशिक रूप से घायल हुए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ युवक नशे में प्रतीत हो रहे थे।

# हनी ट्रैप में फंसा आगरा का दारोगा, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, एक लाख रुपये वसूले, आइपीएस बताकर देते थे

**आगरा (एजेंसी)**

साइबर शातिरों ने दारोगा (प्रोन्नत मुख्य आरक्षी) को वीडियो काल करके अपने जाल में फंसा लिया। उसका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। खुद को आइपीएस बताकर एक महीने में एक लाख रुपये वसूल लिए।

दारोगा से सोमवार को साइबर शातिरों ने दो लाख रुपये मांगे। रकम न देने पर उसे गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली से टीम भेजने की कहा। पीड़ित ने अपर पुलिस आयुक्त से ब्लैकमेलिंग की शिकायत की। मामले में शाहगंज थाने में अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस लाइन में रहने वाले दारोगा ने पुलिस को बताया कि घटना एक महीने पहले की है। वह शाम के समय पूजा करके उठे थे। अंडरवियर और बनियान पहने हुए थे। इसी बीच वीडियो काल आया। उन्हें लगा किसी परिचित का है। काल रिसीव करने के कुछ सेकेंड बाद ही कट गया। दस मिनट बाद ही उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को आइपीएस बताया। कहा कि वह दिल्ली क्राइम ब्रांच से बोल रहा है। उनसे कहा कि किसी युवती को वीडियो काल करके परेशान किया है। आइपीएस बताने वाले ने दारोगा से कहा कि उनका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किया जा रहा है। जिसे डिलीट कराने के लिए 25 हजार रुपये लगेंगे। दारोगा के अनुसार वह बुरी तरह से घबरा गए। उन्होंने आरोपित के बताए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। जिसके बाद शातिरों ने उन्हें अलग-अलग नंबर से फोन करना शुरू कर दिया। करीब एक



**हनी ट्रैप के मामले थम नहीं रहे हैं। आगरा का एक दारोगा हनीट्रैप का शिकार हुआ है। उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीडियो काल कर। यूट्यूब से वीडियो डिलीट कराने की कहकर 25 हजार वसूले। आइपीएस बता देते थे गिरफ्तार करने की धमकी।**

महीने के दौरान एक लाख उनसे वसूल लिए। दारोगा ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम को उनके पास आइपीएस बनकर शातिर ने फोन किया। उनसे कहा कि जिस लड़की ने वीडियो काल की थी। उसने बदनामी के चलते खुदकुशी कर ली है। मामले में दो लोग गिरफ्तार कर लिए गए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस की टीम भेजी जा रही है। वह पुलिस वाले हैं, इसलिए उन्हें बचाना चाहते हैं।

दो लाख रुपये दे दें तो उनकी जान बच सकती है। खुदकुशी करने की बात सुनकर वह घबरा गए। परिचित पुलिसकर्मी को इसकी जानकारी दी। उन्होंने साइबर शातिरों के जाल में फंसाने की कहा। दारोगा से मामले में पुलिस अधिकारियों से शिकायत करने की कहा। वह अपर पुलिस आयुक्त केशव चौधरी के सामने पेश हुआ। पूरे मामले की जानकारी दी, जिसके बाद शाहगंज थाने में अभियोग दर्ज कराया गया। दारोगा ने पुलिस ने बताया कि ब्लैकमेल करने वाला खुद को आइपीएस अधिकारी बताता था। फोन पर कहता कि पुलिसवाला होने के नाते वह नहीं चाहता है कि तुम्हारी वर्दी पर दाग लगे। इसलिए जो रकम मांगी जा रही है, वह खाते में डाल दो।

ऐसा नहीं किया तो वह दिल्ली पुलिस की टीम को भेजकर उन्हें गिरफ्तार करा देगा। दारोगा सोमवार को साइबर थाना पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिस नंबर से दो लाख रुपये मांगे जा रहे हैं। उसकी डीपी पर पुलिस अधिकारी का वर्दी वाला फोटो लगा हुआ है। साइबर सेल ने उक्त नंबर पर फोन किया। जैसे ही अपना परिचय दिया, शातिर ने अपनी डीपी पर लगा पुलिस अधिकारी की वर्दी वाला फोटो हटा दिया।

## एक नज़र

### कड़ाके की ठंड में चल रही है गणतंत्र दिवस समारोह परेड की रिहर्सल

**नई दिल्ली (एजेंसी)**26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरो पर हैं। इस कड़ाके की ठंड में दिल्ली के कर्तव्य पथ सेना की अलग-अलग टुकड़ियां रिपब्लिक डे परेड की रिहर्सल



कर रही हैं। गणतंत्र दिवस की परेड में अलग राज्यों की झांकियां निकाली जाएगी।

इस बार गणतंत्र दिवस की परेड में एक खास बात देखने को मिली मिलेगी। इस बार महिला बीएसफ की ऊंट दस्ता कर्तव्य पथ पर दिखेगा। बता दें कि पुरूष बीएसएफ की टुकड़ी 1976 से रिपब्लिक डे की परेड का हिस्सा रही है। इस बार 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली रिपब्लिक डे परेड के चीफ गेस्ट मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी होंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2023 का दौरा किया। यह पहली बार है जब किसी सीडीएस ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया है।

### दिल्ली मेट्रो में सफर करने वाले ध्यान दें...वक्त से पहले पहुंचें स्टेशन, वरना हो जाएगी देरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** गणतंत्र दिवस को लेकर मेट्रो स्टेशनों पर सोमवार से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सीआइएसएफ के जवान लोगों की एक-एक कर काफी बारीकी से जांच कर रहे हैं, जिसके चलते मेट्रो स्टेशनों को बाहर काफी लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिल रही हैं।

अब मंगलवार को डीएमआरसी ने मेट्रो से यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को एक खास सलाह दी है। डीएमआरसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, यात्रीगण कृपया ध्यान दें आगामी गणतंत्र दिवस चलते मेट्रो परिसर में सुरक्षा गतिविधियां बढ़ाई गई हैं, जिसके कारण सिक्योरिटी चेक आदि में अतिरिक्त वक्त लग सकता है तो कृपया अपनी यात्रा के वक्त थोड़ा ज्यादा समय लेकर चलें और सभी का सहयोग करें। धन्यवाद।

आगामी गणतंत्र दिवस की वजह से मेट्रो परिसर में सुरक्षा गतिविधियाँ बढ़ाई गई हैं जिसके कारण सेक्योरिटी चेक आदि में अतिरिक्त समय लग सकता है। कृपया अपनी आवाजाही में कुछ समय अतिरिक्त लेकर चलें।

### कंझावला केस के आरोपित आशुतोष को मिली बेल, दिल्ली की अदालत ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)** कंझावला केस के आरोपित आशुतोष भारद्वाज को दिल्ली की अदालत ने बेल दे दी है। नववर्ष की रात को अंजलि के साथ हुए दर्दनाक हादसे को लेकर पुलिस ने कई आरोपितों को हिरासत में लिया था। इन्हीं आरोपितों में से एक आशुतोष को दिल्ली की अदालत से बेल मिल गई है। आरोपित आशुतोष की जमानत याचिका को लेकर दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में कई दिनों से सुनवाई चल रही थी।

अंजलि के परिवार के लिए नववर्ष की रात काफी दुखभरी थी। अंजलि अपनी दोस्त निधि के साथ पार्टी से लौट रही थी। इसी दौरान अंजलि को कार सवार युवकों ने टक्कर मारी। टक्कर के बाद कार के नीचे अंजलि को कई किलोमीटर तक घसीटा गया। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरा देश स्तब्ध हो गया था। परिवार में अंजलि इकलौती कमाने वाली थी। मामले को लेकर अंजलि की मां ने पुलिस पर भी लापरवाही के आरोप लगाए।

### झूठ बोलकर दिल्ली के फाइव स्टार होटल में 112 दिनों तक की मौज, लाखों का बिल बिना चुकाए हुआ फरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली में स्थित फाइव स्टार होटल द लीला पैलेस होटल के स्टाफ से झूठ बोलकर लाखों का चूना लगा दिया। इस व्यक्ति ने होटल में पूरे 112 दिनों तक मौज की और बाद में होटल के बिल का भुगतान किए बिना ही भाग गया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। अब जानकारी आ रही है कि दिल्ली पुलिस होटल के साथ धांदली करने वाले व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी जुटाने में अब तक नाकाम रही हैं। एजेंसी के ट्वीट की मानें तो होटल में रहने वाले व्यक्ति ने खुद को यूएई सरकार के महत्वपूर्ण अधिकारी के रूप में फर्जी बिजनेस कार्ड के साथ होटल में चेंक इन किया था।

जानकारी के अनुसार, पिछले साल अगस्त में होटल पहुंचने पर आरोपी ने बताया कि वह अरब अमीरात के निवासी हैं और अबू धाबी शाही परिवार के शेख फलाह बिन जायद अल नाहयान के साथ मिलकर काम करते हैं और कुछ कारोबार के सिलसिले में भारत आए हैं।

### शास्त्री पार्क में लूट का सीसीटीवी वीडियो आया सामने, बदमाशों ने दुकान मालिक के पैर में मारी गोली

**नई दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बदमाशों के हौसले काफी बुलंद होते जा रहे हैं। बदमाशों में सोमवार देर रात शास्त्री पार्क इलाके में मनी ट्रांसफर की दुकान चलाने वाले शख्स के साथ लूटपाट को अंजाम दिया था, जिसका एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस सीसीटीवी वीडियो में देखा जा सकता है कि शख्स अपनी दुकान को बंद करने की तैयारियां कर रहा है और रुपयों से भरे अपने बैग को दुकान के बाहर बने एक गेट पर टांग देते। इसके बाद वहां दो बाइक सवार व्यक्ति पहुंचे हैं, जिसमें से एक दुकान मालिक से बात करने लगता है तो दूसरा वहां टंगे बैग को लेकर फरार हो जाता है। वहीं, वीडियो में दुकान मालिक बदमाशों के पीछे भागता है, लेकिन पैर में गोली लगने के बाद वह हताश होकर पड़ोसी की दुकान के आगे बैठ जाता है। शास्त्री पार्क इलाके में हुई इस लूटपाट की घटना के वीडियो को समाचार गोली मारकर दिया लूट को अंजाम एजेंसी एएनआई ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। एजेंसी ने वीडियो शेयर कर लिखा, शास्त्री पार्क इलाके में कल रात 11 बजे एक मनी ट्रांसफर की दुकान चलाने वाले शख्स के साथ हुई लूटपाट।

### शक्ति नगर इलाके में हुई लूट का वीडियो आया सामने, बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दिया वारदात को अंजाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)** बीते दिनों दिल्ली के शक्ति नगर, रूप नगर इलाके में हन्नी कालरा के दाहिने पैर में गोली मार कर 5 लाख रुपये लूट लिए थे। अब इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें चार बाइक सवार बदमाश पीड़ित का पीछा करते नजर आ रहे हैं।

इस सीसीटीवी फुटेज वीडियो में देखा जा सकता है कि चार बाइक सवार बदमाश पीड़ित का पीछा करते हुए चलती बाइक में पैर मारकर नीचे गिरा देते हैं। इसके बाद दो बदमाश बाइक से उतकर व्यक्ति में एक के बाद एक वार करते हैं और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो जाते हैं। घटना के इस वीडियो को समाचार एजेंसी एएनआई ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो को एजेंसी ने शेयर कर लिखा, दिल्ली के शक्ति नगर, रूप नगर इलाके का सीसीटीवी फुटेज 14 जनवरी का है, जहां 2 मोटरसाइकिल पर सवार 4 लोगों ने 42 वर्षीय व्यक्ति के दाहिने पैर में गोली मारकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था।

आपको बता दें कि पीड़ित हन्नी कालरा को बदमाशों ने दाहिने पैर में गोली मारकर 5 लाख रुपये लूट लिए थे जो उन्हें अपने मालिक से मिले थे।

# भगवान ने चाहा तो कल केंद्र में होगी हमारी सरकार दिल्ली विधानसभा में बोले केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच विवाद का मुद्दा छाया हुआ है। दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन में एलजी के खिलाफ रखे गए निंदा प्रस्ताव की चर्चा में सीएम केजरीवाल ने भाग लिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि भगवान ने चाहा तो कल केंद्र में हमारी सरकार होगी।



सदन में केजरीवाल ने कहा कि इस सदन में बड़े भारी मन से आज बात रख रहा हूं। किसी भी राज्य की सरकार चुनी हुई सरकार से चलनी चाहिए या एलजी साहब से चलना चाहिए, यह बहुत गंभीर मुद्दा है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि भाजपा के सदस्य भी सदन में रहते। समय बहुत बलवान है एक-सा नहीं रहता है, क्या पता कल दिल्ली में हमारी सरकार न हो, केंद्र में हमारी सरकार हो, मगर हमारे एलजी इस तरह दिल्ली की सरकार को परेशान नहीं करेंगे। सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली के 2 करोड़ लोगों की मुझे चिंता है, मुझे दिल्ली के हर बच्चे की पढ़ाई की चिंता है। मैंने जैसे अपने बच्चों को पढ़ाई कराई है, उसी तरह दिल्ली के बच्चों की पढ़ाई की चिंता की है। सीएम ने कहा कि मैं दिल्ली का मुख्यमंत्री हूं। मेरे शिक्षा मंत्री ने 30 शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने का फैसला लिया। मैंने अनुमति दे दी, बात पूरी हुई, मगर एलजी साहब ने फाइल रोक दी। वह भी एक बार नहीं, दो बार रोक दिया, जिससे साफ होता है जानबूझकर फाइल को रोका गया है। उन्होंने उपराज्यपाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव की चर्चा में कहा कि एलजी साहेब कह रहे हैं कि देश में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलवा लो। मैं कहता हूं कि एलजी कौन होते हैं रोकने वाले। जनता के टैक्स का पैसा, जनता के बच्चों के लिए बेहतर पढ़ाई कराने के लिए, शिक्षकों के प्रशिक्षण पर खर्च हो रहा है। बीच में एलजी आ गए। ये कौन हैं एलजी और कहां से बीच में आ गए, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 4 जुलाई 2018 को दिए गए आदेश में साफ कहा है कि एलजी को फैसला

**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन कहा कि भगवान ने चाहा तो कल केंद्र में हमारी सरकार होगी। मगर हमारे एलजी इस तरह दिल्ली की सरकार को परेशान नहीं करेंगे।**

लेने के लिए अधिकार नहीं है। मैं चार दिन पहले एलजी साहब से मिलने गया था तो मैंने उन्हें यह आदेश पढ़कर सुनाया तो एलजी साहब ने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट की राय हो सकती है। केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं इससे और ज्यादा कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने एलजी साहब से पूछा कि आप कौन हैं, मुझे तो जनता ने चुन कर भेजा है, तो एलजी साहब बोले कि मुझे राष्ट्रपति ने भेजा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं पढ़ाई में टॉपर रहा हूं। कभी मेरे टीचर ने ऐसे मेरा काम चेक नहीं किया, जैसे एलजी साहेब कर रहे हैं। एलजी साहेब ने गलत तरीके से नगर निगम के लिए 10 एल्डरमैन बना दिए हैं। एलजी साहब आजकल मुख्य सचिव को आदेश भेज रहे हैं कि इसे चेयरमैन बना दो।

उसे एल्डरमैन बना दो। दिल्ली में ये हो क्या रहा है? इन्होंने योग कक्षाएं बंद करा दीं, मोहल्ला क्लीनिक, जल बोर्ड का भुगतान और मार्शल का भुगतान रुकवा दिया। एलजी साहब ने कहा है कि निगम में भाजपा की 20 सीटें भी नहीं आ रही थीं, मेरी वजह से 104 सीटें आई थीं। केजरीवाल ने कहा कि ये एलजी साहब आम आदमी पार्टी को बदनाम करने आए हैं। हम आंदोलन से निकले लोग हैं। हम देश की आजादी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। हमें कुछ भी कुर्बानी देनी पड़ी तो हम उससे पीछे नहीं हटेंगे।केजरीवाल ने एलजी साहब के खिलाफ सदन में रखे गए प्रस्ताव का समर्थन किया।

## श्री बाबोसा भगवान जन्मोत्सव का भव्य कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न



**ओपन सर्च. संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज बाबोसा सिटी सेक्टर 24, रोहिणी में श्री बाबोसा भगवान का पावन जन्मोत्सव भव्य रुप से आयोजित किया गया।

परम आराधिका मंजू बाईसा के सन्निध्य में श्री बाबोसा मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों भक्त शामिल हुए थे। मुख्य अतिथि के रुप में जयभगवान उपकार, विधायक, जय भगवान यादव पार्षद, देवेन्द्र सोलंकी, पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा, विश्वास तोमर पूर्व जिलामंत्री, भाजपा, श्री विनोद बंसल प्रमुख समाजसेवी के साथ साथ कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। मौसम के पुर्वानुमान कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों का उत्साह देखने लायक था, क्योंकि स्वच्छ आसमान में धूप पूरी तरह खिली हुई थी।

भक्तों ने बाईक की आकार का केक बनाया था, जो कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण था। समारोह के मार्गदर्शक परम श्रद्धेय प्रकाश भाई जी के हाथों से सुंदर सुंदर केक का भोग लगाया। उन्होंने ज्योत प्रज्जवलित करते हुए सभी भक्तों को श्री बाबोसा भगवान जन्मोत्सव की बधाई दी। श्री शीतल पांडे द्वारा प्रस्तुत भजनों पर हजारों भक्तों ने झूमकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाई

## पुलिस ने सुलझाया 11 माह से लापता महिला की हत्या का राज, फ्लैट को लेकर हुआ था विवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

कहते हैं अपराधी कितना ही शातिर हो वारदात के दौरान कुछ न कुछ सुराग छोड़ ही जाता है। उत्तरी जिला पुलिस ने एक ऐसे ही संगीन अपराध को सुलझाया है, जिसमें अपराधी अपनी एक गलती से पकड़ा गया। पुलिस ने गत वर्ष मार्च में एक महिला की अपहरण कर हत्या करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पूर्वी दिल्ली इलाके के रहने वाले मोहम्मद शाकिर अली, मोहम्मद फैज हैं।



पूछताछ में पता चला है कि महिला ने आरोपित शाकिर से फ्लैट बेचने के एवज में 18 लाख रुपये लिए थे, जिसे वह लौटा नहीं रही थी। ऐसे में योजना बनाकर महिला को कार से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर ले गए वहां गोलीमार कर शव को फेंक दिया। फिलहाल पुलिस आरोपितों को लेकर बुलंदशहर गई है। वहां पुलिस महिला के शव के अवशेष बरामद करने का प्रयास कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक शख्स चोरी की कार और स्कूटी में घूम रहा है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने पूर्वी दिल्ली इलाके के रहने वाले मोहम्मद शाकिर अली और मोहम्मद फैज को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दोनों वाहन भी बरामद कर लिये। दोनों वाहन शाकिर के नाम पर ही पंजीकृत निकले। गत वर्ष इनकी चोरी की ई-एफआइआर भी दर्ज कराई गई थी। पूछताछ में पता चला कि जीटीबी एंक्लेव की रहने वाली सुशीलावती और शाकिर की मुलाकात कुछ साल पहले तीस हजारी कोर्ट में हुई थी। इसके बाद दोनों अच्छे दोस्त बन गए। पूछताछ में पता चला कि महिला अपना फ्लैट बेचना चाहती थी। शाकिर ने खरीदने की इच्छा जाहिर की, तय रकम 18 लाख रुपये भी दे दिए, लेकिन बाद में सुशीलावती फ्लैट की कीमत 25 लाख बताने लगी और सात लाख रुपये और मांगे। इस पर शाकिर ने सौदा रद कर अपने रुपये वापस मांगे तो महिला ने मना कर दिया। इसके बाद शाकिर ने अपने दोस्त फैज के साथ मिलकर महिला के अपहरण और हत्या की साजिश रच

**दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस ने बहुत ही जटिल मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने बीते साल मार्च में एक महिला की अपहरण कर हत्या करने के मामले में आरोपी मोहम्मद शाकिर अली और मोहम्मद फैज को गिरफ्तार किया है।**

डाली। शाकिर ने पूछताछ में बताया कि उसने फैज को अपनी योजना में शामिल किया। इसके बाद शाकिर ने अपने दोनों वाहनों की चोरी की फर्जी ई-एफआइआर करा दी और कट्टा व कारतूस का बंदोबस्त किया। तय योजना के तहत गत वर्ष तीन मार्च को भजनपुरा इलाके से घुमाने के बहाने महिला को अपने साथ बुलंदशहर ले गए, वहां महिला के सिर में गोली मार दी और शव को वहीं पर फेंक दिया। महिला के अपहरण की एफआइआर भजनपुरा थाने में दर्ज है। मार्च के बाद से उसका पता नहीं चल रहा था।

## प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर, वसुंधरा में प्रबंधक नरेंद्र भारद्वाज ने नववर्ष विशाल भंडारा का आयोजन किया





**ओपन सर्च. संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) और राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान (NIUA) ने सहयोग के माध्यम से क्षमता निर्माण और नगरपालिका वित्त और प्रबंधन में कौशल बढ़ाने के लिए आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता शहरी मामलों के राष्ट्रीय संस्थान के निदेशक - श्री हितेश वैद्य और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के निदेशक (वित्त) - श्री राम सिंह द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

एनडीएमसी और एनआईयूए के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री अमित यादव - अध्यक्ष, एनडीएमसी, श्री पुस्कल उपाध्याय - वित्तीय सलाहकार की उपस्थिति में यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू का उद्देश्य कुशल ज्ञान साझा करने और सूचना के आदान-प्रदान के माध्यम से प्रमुख हितधारकों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। यह समझौता पूरे क्षेत्र और देश के विकास में योगदान देने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए संगठन की संस्थागत क्षमता को बढ़ाने में मदद करेगा।

यह समझौता सहमति संयुक्त गतिविधियों और 20 और G20 की भारत में भागीदारी के दौरान नगरपालिका वित्त पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों और कार्यशालाओं के आयोजन के लिए तत्पर होगा।

## दिल्लीवासियों पर पड़ेगी दोहरी मार, अगले तीन दिन ठंड के बाद बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

राजधानी दिल्ली में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने अगले सप्ताह बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही तेज हवा चलेगी और ओले भी गिर सकते हैं। इस तरह दिल्ली सहित उत्तर पश्चिम भारत में मध्यम बारिश से कड़ाके की सर्दी भी बराबर रहेगी। ऐसी संभावना है कि ऐसा मौसम 25 जनवरी या 26 जनवरी तक रह सकता है।

मौसम विभाग ने बताया कि इस बार सर्दी के मौसम में एक भी बार बारिश नहीं हुई है। इसकी वजह नवंबर और दिसंबर में मजबूत पश्चिमी विक्षोभ का न होना था। आईएमडी ने कहा कि इस बार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 21 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। जिस कारण बारिश हो सकती है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 21 जनवरी को बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 23, 24 और 25 जनवरी को इस दौरान जोरदार बारिश/बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि 23 और 24 जनवरी को जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम ओलावृष्टि होने की संभावना है। 23-24 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। शीतलहर के बीच दिल्ली के सफदरजंग में सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# क्राइम ब्रांच ने बिहार से पकड़े दो शातिर, कब्जे से 1 करोड़ रुपये बरामद, जाल में फंसाकर करते थे धोखाधड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बिहार से दो लोगों को गिरफ्तार किया। बिहार से गिरफ्तार किए गए ये दोनों गूगल सर्च से डेटा इकट्ठा करते थे।




इसके बाद निशाना बनाकर मैसेज भेजते थे। मैसेज भेजने के बाद लोगों को बुलाकर बैंक खातों में पैसे जमा करने के लिए आकर्षक ऑफर देते थे। आरोपियों की पहचान 25 वर्षीय चंदन कुमार भुइयां और 25 वर्षीय गोपाल उर्फ सत्यम के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने आरोपियों के कब्जे से एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम भी बरामद की है। स्पेशल पुलिस कमिश्नर रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि 22 सितंबर 2022 को शिकायतकर्ता दक्षिण दिल्ली के सीमेंट व्यापारी के मोबाइल पर संदेश आया कि अल्ट्राटेक सीमेंट के 2000 या उससे अधिक बैग की खरीद पर उसे 300 रुपये प्रति बैग की दर से अच्छे दर से भुगतान किया जायेगा। दो-तीन दिनों के बाद, शिकायतकर्ता ने वही मोबाइल नंबर डायल किया, तो उधर से अपना परिचय बताकर खुद अल्ट्रा-टेक सीमेंट लिमिटेड के वरिष्ठ बिक्री प्रबंधक शंकर पुरोहित बताया। साथ उसने स्वीकार किया कि उसी ने उसे प्रस्ताव भेजा था।

कमिश्नर ऑफ पुलिस ने बताया कि इसके बाद शंकर ने शिकायत करने वाले के मोबाइल फोन पर कई वाट्सएप काल किया और उसे प्रोमोशन ऑफर के तहत बड़ी मात्रा में अल्ट्रा-टेक सीमेंट खरीदने के लिए प्रेरित किया। उसने उसे बताया कि ये ऑफर तभी लागू होगा, जब कोई व्यक्ति बड़ी मात्रा में सीमेंट खरीदता है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि कॉल्स के दौरान आरोपी व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के साथ अंधेरी ईस्ट, मुंबई की एसबीआई शाखा के अपने बैंक खाते की डिटेल साझी की।

**दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बिहार से दो शातिर को गिरफ्तार किया है। ये लोगों को फर्जी ऑफर देकर अपने जाल में फंसा लेते थे। इसके बाद लोगों से बैंक खाते में पैसा जमा कराते थे। उन्होंने दक्षिणी दिल्ली के एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी की थी।**

शिकायतकर्ता ने जब कथित व्यक्ति को बताया कि उसके पास जीएसटी नंबर नहीं है। इसके बाद आरोपी शंकर ने कहा कि जब शिकायतकर्ता को जीएसटी नंबर मिलेगा तब माल की आपूर्ति की जाएगी। विशेष सीपी ने कहा कि इसके बाद शिकायतकर्ता ने तस्ज्ञ नंबर के लिए आवेदन किया। इस बीच कथित व्यक्ति ने अल्ट्रा-टेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा दिए गए प्रमोशन प्रस्ताव का लाभ उठाने के लिए कुछ भुगतान करने पर जोर दिया। आरोपित शंकर ने पीड़ित को जो बैंक खाता दिया था, उसमें कुल 57.50 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए।

22 नवंबर, 2022 को शिकायतकर्ता को जीएसटी नंबर प्राप्त हुआ, तो मोबाइल फोन पर शंकर से संपर्क किया। हालांकि शंकर ने उसे बताया कि वह कोविड से पीड़ित था और कुछ दिनों में उसे डिटेल देगा और उसने अपना फोन बंद कर दिया। आशंका के चलते हुए पीड़ित ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के ऑफिस से संपर्क किया, तो पता वहां पर ऐसा कोई व्यक्ति काम हीं नहीं करता है।

## सम्पादकीय
## ओपन सर्च

# कुशल आर्थिक प्रबंधन के चलते ही भारत में महंगाई की दर नियंत्रित हो पाई है

लगातार बढ़ रही मुद्रा स्फीति की परेशानी पूरा विश्व ही महसूस कर रहा है। परंतु, भारत ने अपने आर्थिक चिंतन के सहारे मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में सबसे पहिले सफलता हासिल कर ली है। दिसम्बर 2022 माह में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर पिछले 12 माह के न्यूनतम स्तर 5.72 प्रतिशत पर आ गई है। यह मुख्य रूप से सब्जियों की दरों में आई कमी के चलते सम्भव हो सका है। सब्जियों की महंगाई दर 15.08 प्रतिशत से कम हुई है एवं फलों की महंगाई दर केवल 2 प्रतिशत से बढ़ी है, तेल एवं शक्कर की महंगाई दर लगभग शून्य रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में महंगाई दर दिसम्बर 2022 में 4.19 प्रतिशत की रही है जो नवम्बर 2022 माह में 4.67 प्रतिशत थी एवं दिसम्बर 2021 में 4.05 प्रतिशत थी। दरअसल भारत का कृषक अब जागरूक हो गया है एवं पदार्थों की मांग के अनुसार नई तकनीकी का उपयोग करते हुए उत्पादन करने लगा है। आवश्यकता अनुसार पदार्थों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है, इससे उन पदार्थों की आपूर्ति बाजार में बढ़ रही है एवं इस प्रकार मुद्रा स्फीति पर अंकुश लग रहा है। सब्जियों के अलावा अन्य खाद्य पदार्थों में भी महंगाई दर दिसम्बर 2022 माह में कम हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में महंगाई अधिक तेजी से कम हुई है। दिसम्बर 2022 माह में जहां ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 6.1 प्रतिशत की रही है वहीं शहरी इलाकों में यह घटकर 5.4 प्रतिशत हो गई है। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर लगातार दूसरे महीने 6 प्रतिशत के नीचे रही है।

नवम्बर 2022 माह में यह 5.88 प्रतिशत थी। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर को 4 प्रतिशत तक नियंत्रित रखने का लक्ष्य दिया गया है, यह लक्ष्य 2 प्रतिशत से ऊपर एवं नीचे जा सकता है। इस प्रकार भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर 2 से 6 प्रतिशत के बीच रह सकती है। जनवरी 2022 से लगातार यह दर 6 प्रतिशत के ऊपर बनी हुई थी इसके लिए अभी हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए केंद्र सरकार को एक पत्र भी लिखा गया है। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति को कम करने के उद्देश्य से मई 2022 से रेपो दर में कुल 5 बार वृद्धि करते हुए इसे 2.25 प्रतिशत से बढ़ा दिया है।

केंद्र सरकार ने भी कई आवश्यक वस्तुओं के निर्यात को रोकने के उद्देश्य से निर्यात करों में वृद्धि की है ताकि इन पदार्थों की घरू बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धि बनी रहे। कुल मिलाकर बाजार में उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वस्तुओं के दाम नहीं बढ़ें। नवम्बर 2022 माह में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में भी 7.1 प्रतिशत की वृद्धि अर्जित की गई है। खनन क्षेत्र, विनिर्माण क्षेत्र एवं ऊर्जा क्षेत्र में उत्पादन नवम्बर 2022 माह में क्रमशः 9.7 प्रतिशत, 6.05 प्रतिशत एवं 12.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। इसी प्रकार, पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में भी 20.7 प्रतिशत की अतुलनीय वृद्धि दर्ज की गई है तथा उपभोक्ता टिकाऊ एवं उपभोक्ता गैरटिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 5.1 प्रतिशत एवं 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। ढांचागत/निर्माण वस्तुओं के क्षेत्र में भी 12.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

उक्त वर्णित क्षेत्रों से सबंधित उत्पादों के उत्पादन में वृद्धि होने के चलते इनकी उपलब्धता बाजार में बढ़ रही है जिसके कारण इन उत्पादों के बाजार मूल्यों में भी कमी दर्ज की जा रही है। आगे आने वाले समय के लिए अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर 6 प्रतिशत के अंदर बनी रहेगी और यह मार्च 2023 तक घटकर 5 प्रतिशत तक आ जाएगी एवं जून 2023 तक यह 4.7 प्रतिशत तक नीचे आ जाएगी। लगातार बढ़ रही मुद्रा स्फीति की दर से विश्व के लगभग सभी देश परेशान हैं और कई विकसित देश तो इस पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जा रहे हैं ताकि नागरिकों के हाथ में धन की उपलब्धता में कमी हो एवं इस प्रकार बाजार में उत्पादों की मांग में कमी हो। उत्पादों की मांग में कमी के चलते इन वस्तुओं के उत्पादन में कमी होती दिखाई दे रही है एवं इससे कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी करने में लग गई है जिससे बेरोजगारी की समस्या आ रही है एवं इसके चलते कहा जा रहा है कि इनमें से कुछ देशों में मंदी फैल सकती है। सामान्यतः बाजार में जब किसी भी वस्तु की उपलब्धता बढ़ जाती है तो उस वस्तु का मूल्य घट जाता है और कीमत के घटने पर उस वस्तु का निर्माण करने वाली कम्पनियों के लाभ पर विपरीत असर दिखाई देने लगता है। इसको दृष्टिगत पूंजीवादी विकसित देश यह प्रयास करते हैं कि वस्तुओं की उपलब्धता बाजार में नियंत्रित रहे ताकि इन वस्तुओं की कीमत कम न हो पाए और अंततः उनके लाभ पर विपरीत असर नहीं पड़े। इन देशों में कम्पनियां येन केन प्रकारेण अपनी लाभप्रदता को बढ़ाना चाहती हैं, इसके लिए उस देश के नागरिक कितनी परेशानी का सामना कर रहे हैं, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

कम्पनी की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं का बाजार में मूल्य बढ़ते रहना चाहिए और वस्तुओं का मूल्य बढ़ते रहने के लिए बाजार में उस वस्तु की आवक नियंत्रित होनी चाहिए। इसलिए विकसित देशों में वस्तुओं की उपलब्धता के मामले में विपुलता नहीं चाहिए। इस स्थिति को युक्तिजनित अभाव पैदा करना भी कहा जाता है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए भी बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता बढ़ाने के स्थान पर वस्तुओं की मांग कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# स्वच्छ ऊर्जा का नया दौर

**अभिषेक कुमार सिंह**

इसे जला कर बनाई जाने वाली बिजली कई मायनों में दूसरे विकल्पों से बेहतर मानी जाती है। भारत में भी एथेनाल से ऊर्जा हासिल करने का चलन शुरू हो चुका है। कुछ राज्यों में प्रायोगिक तौर पर बसें और ट्रेनें तक एथेनाल से चलाई जा रही हैं। साफ बिजली यानी स्वच्छ ऊर्जा का एक प्रारूप हमें सूरज से मिलने वाली ऊर्जा की तरफ ले जाता है। भारत में फिलहाल बिजली का बहुत बड़ा संकट नहीं है, मगर भविष्य की जरूरतों और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के संकल्पों के तहत हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी है। गौरतलब है कि इस मिशन के तहत भारत को ऊर्जा-स्वतंत्र बनाने, अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने और वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र में बदलने की योजना है। उम्मीद है कि इस मिशन के तहत भारत 2030 तक पचास लाख टन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

इसमें संदेह नहीं कि विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने की कोशिश करते भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा में स्वालंबन हासिल करना सबसे बड़ी जरूरत है। हमें कारखाने लगाने, उत्पादन बढ़ाना, लाखों-करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार पैदा करना है। इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा की दरकार है। आज सच्चाई यह है कि भारत ऊर्जा के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं है। जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल-डीजल) के रूप में अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए ही हमें हर साल करीब बारह लाख करोड़ रुपए आयात में झोंकने पड़ते हैं। इसके बावजूद जनता को वाजिब कीमत पर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने में कठिनाई होती है। हाल के कुछ वर्षों में जिस सौर ऊर्जा की बातें जोरशोर से हुई हैं, उसका एक पहलू यह है कि सौर पैनल और संबंधित नई तकनीक के लिए हम विदेशों पर निर्भर हैं। हालांकि तब भी जनता को राहत दिलाते हुए ऊर्जा स्वावलंबन हासिल किया जा सकता है, बशर्ते कुछ ठोस योजनाओं पर सतर्कता से अमल किया जाए। खासकर यह देखते हुए कि हाइड्रोजन स्वच्छ ईंधन है और एक बार दक्षता हासिल होने के बाद इससे अनंत काल तक असीमित ऊर्जा पाई जा सकती है। मगर इसमें कुछ समस्याएं भी हैं। जैसे एक प्रमुख अड़चन दबाव डाल कर इसके भंडारण की है, क्योंकि यह अत्यंत विस्फोटक होने के कारण दुर्घटना का कारण बन सकती है। उम्मीद है कि राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन में इससे जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान निकाल लिया जाएगा। मसलन, हाइड्रोजन ईंधन को सस्ता करना। कोयले से मिलने वाली बिजली सस्ती है और कोयले की उपलब्धतता का भी



फिलहाल कोई संकट नहीं है। मगर ऊर्जा की बढ़ती मांग कोयले के भविष्य को धुंधला कर देती है। ऐसे में बेहतर होगा कि या तो परमाणु बिजली की तरफ बढ़ा जाए या फिर हाइड्रोजन ईंधन समेत स्वच्छ ऊर्जा के अन्य विकल्प आजमाए जाएं।

हाइड्रोजन का विकल्प मिलने पर हमारे देश में जीवाश्म ईंधन, जैसे कच्चा तेल, कोयला आदि के आयात में एक लाख करोड़ रुपए तक की कमी आ सकती है। परोक्ष लाभ यह है कि इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में पांच करोड़ टन की कमी आ सकती है। राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का एक अहम उद्देश्य पेट्रोल-डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता खत्म करते हुए देश को स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन का केंद्र बनाना है। यह सही है कि इस समय हाइड्रोजन हमारी धरती पर उपलब्ध सबसे स्वच्छ ईंधन है। मगर दिक्कत यह है कि पृथ्वी पर मौजूद समस्त हाइड्रोजन किसी दूसरे तत्त्व (जैसे कि पानी और अन्य हाइड्रोकार्बन) के साथ गुंथा हुआ है। ऐसे में इसे विलगाने की प्रक्रिया में प्रदूषण होता है। इसलिए उसे स्वच्छ या ग्रीन हाइड्रोजन नहीं कह सकते। ऐसी समस्याओं का इलाज है राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन। उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से ईंधन तैयार होने की प्रक्रिया पूरी तरह कार्बन उत्सर्जन से मुक्त होती है। हाइड्रोजन ईंधन तैयार करने के फिलहाल दो तरीके हैं।

पहला तरीका इलेक्ट्रोलिसिस यानी पानी में से बिजली को गुजार कर हाइड्रोजन ईंधन प्राप्त करने वाला है। दूसरा तरीका प्राकृतिक गैस से हाइड्रोजन और कार्बन को तोड़ कर ईंधन तैयार करने का है। इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से तैयार होने वाले हाइड्रोजन ईंधन में स्वच्छ ऊर्जा इस्तेमाल होती है। सौर ऊर्जा या पवन ऊर्जा वाले बिजलीघरों से मिली बिजली के इस्तेमाल से पानी को इलेक्ट्रोलाइज कर हाइड्रोजन अलग की जाती है। ऐसे ईंधन को 'ग्रीन' हाइड्रोजन या जीएच-2 या फिर ग्रीन फ्यूल कहते हैं। इस तरह की ऊर्जा के बारे में दावा है कि इसका सबसे बड़ा लाभ तेल शोधन, खाद निर्माण, सीमेंट, स्टील और भारी उद्योगों को होगा, क्योंकि वहां हाइड्रोजन ईंधन को सीएनजी और पीएनजी के साथ मिलाकर प्रयोग करने पर ये भारी उद्योग कार्बन मुक्त हो सकेंगे। अभी दुनिया में ग्रीन हाइड्रोजन की कीमतें कई कारकों पर निर्भर करती हैं। मसलन, इसका स्रोत क्या है, बाजार की स्थितियां क्या हैं और लेनदेन वाली मुद्रा की दरें क्या हैं। फिलहाल दुनिया में ग्रीन हाइड्रोजन तैयार करने की औसत लागत तीन सौ रुपए प्रति किलोग्राम आती है। हालांकि प्राकृतिक गैस से बनाने पर यह औसत 130 रुपए प्रति किलोग्राम तक था, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यह औसत भी ढाई सौ रुपए तक जा पहुंचा है।

ऐसे में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन इस स्वच्छ ईंधन की कीमतें कम करने में काफी मदद कर सकता है। भारत ही नहीं, दुनिया में इस वक्त पच्चीस देश ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। जहां तक स्वच्छ ईंधन की बात है, ग्रीन हाइड्रोजन के अलावा गन्ने के शीरे से निकाला गया एथेनाल भी एक स्वच्छ ईंधन है। इसे जला कर बनाई जाने वाली बिजली कई मायनों में दूसरे विकल्पों से बेहतर मानी जाती है। भारत में भी एथेनाल से ऊर्जा हासिल करने का चलन शुरू हो चुका है। कुछ राज्यों में प्रायोगिक तौर पर बसें और ट्रेनें तक एथेनाल से चलाई जा रही हैं। साफ बिजली यानी स्वच्छ ऊर्जा का एक प्रारूप हमें सूरज से मिलने वाली ऊर्जा की तरफ ले जाता है। इस सिलसिले में भारत का महत्त्व उसके नेतृत्व में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से स्पष्ट होता है। 2015 में पेरिस के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में उल्लेखनीय पहल करते हुए भारत ने सौ देशों का एक सौर गठबंधन (सोलर अलायंस) बनाने की घोषणा की थी। इस गठबंधन के तहत भारत का लक्ष्य 2030 तक साढ़े चार सौ गीगावाट ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य हासिल करना है। इसमें सौ गीगावाट का लक्ष्य हासिल हो चुका है। इसका मतलब है कि देश को शून्य कार्बन उत्सर्जक देश बनाने की राह ज्यादा मुश्किल नहीं है। सौर तकनीकों से 2050 तक इतनी बिजली मिल सकेगी, जिससे लगभग छह अरब टन कार्बन डाईआक्साइड का उत्सर्जन हर साल रोका जा सकेगा। उत्सर्जन की यह मात्रा मौजूदा समय में पूरे विश्व के परिवहन क्षेत्र द्वारा छोड़ी जा रही कार्बन डाईआक्साइड के बराबर है। प्रदूषण से बचने के लिए परमाणु ऊर्जा एक अच्छा विकल्प है। पहले के मुकाबले अब परमाणु बिजली संयंत्रों को काफी सुरक्षित भी माना जाता है। मगर भारत फिलहाल दो से तीन फीसद परमाणु ऊर्जा ही अपने परमाणु बिजलीघरों में पैदा कर पाता है।

फिर, परमाणु बिजलीघर लगाना काफी महंगा है और इसके मुख्य ईंधन यूरेनियम के आयात के लिए आस्ट्रेलिया आदि विकसित देशों पर निर्भरता एक अलग संकट है। पर्यावरणीय कारणों से इन संयंत्रों को तीखा विरोध झेलना पड़ता है। इसके अलावा पेन्सिलवेनिया (अमेरिका) में थ्री माइल द्वीप, चेरनोबिल (रूस) और फुकुशिमा रिएक्टर से रिसाव की घटनाएं, पुराने और जर्जर होते परमाणु संयंत्र, रेडियोएक्टिव कचरे के निष्पादन और यूरेनियम की कमी जैसी समस्याएं परमाणु ऊर्जा के रास्ते में बाधा डाल रही हैं। सौर और पवन ऊर्जा स्वच्छ ईंधन के अच्छे विकल्प हैं, लेकिन सौर पैनलों का रखरखाव काफी झंझट भरा है और पवन ऊर्जा अनिश्चित, व्यापक रूप से फैली हुई तथा मुश्किल से पकड़ में आने वाली ऊर्जा है।

# भारत के प्रति अलगाव.... विदेशों के प्रति लगाव...?

**ओम प्रकाश मेहता**

क्या अब स्वयं भारतवासी यह नहीं मानते कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा पिछले कुछ समय से भारतीय नागरिकता त्यागने का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है आज स्थिति यह है कि औसतन प्रतिदिन 500 भारतीय अपनी भारतीय नागरिकता छोड़कर विदेशों की तरफ रुख कर रहे हैं पिछले 10 माह में 183000 भारतीयों ने नागरिकता त्याग कर विदेशों की तरफ रुख कर लिया आखिर विदेशों में ऐसा क्या है? जो हमारे भारत में नहीं है?

इस अहम सवाल का जवाब देने को कोई तैयार नहीं शायद इसका मुख्य कारण विदेशों में व्यवसाय सुरक्षा और लिविंग स्टैंडर्ड बेहतर होना है किंतु ऐसा सोचने वालों की सोच में काफी कमी है यदि हमारे देश में ही ऐसा महसूस किया जा रहा है तो फिर हम और हमारा देश किस मुकाम पर खड़ा रहेगा फिर हमारी युवा पीढ़ी का क्या होगा? उसे हम विदेश जाने से कैसे रोक पाएंगे? हाल ही में केंद्र द्वारा संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष 31 अक्टूबर तक 2022 में 183000 भारतीय देश को छोड़ कर जा चुके थे। यदि हम पिछले कुछ सालों के आंकड़े देखें तो 2015

**इसके बाद कनाडा ऑस्ट्रेलिया यूके न्यूजीलैंड सिंगापुर जर्मनी स्वीडन और पाकिस्तान का क्रम आता है पाकिस्तान की ओर सबसे कम केवल 48 लोगों ने रुख किया। विशेषज्ञों की यदि इस मामले में माने तो भारत छोड़ने वालों के पास पहली वजह व्यवसायिक सुरक्षा रही भारत में धनवानों को लगता है कि भारत सरकार उन्हें व्यापार के अनुकूल माहौल नहीं बना कर दे पा रही है इसी वजह से धनवान लोग विदेशों में निवेश कर वहीं अपना डेरा डाल रहे हैं दूसरी बड़ी वजह है रहन-सहन का स्तर अमीर लोगों को लगता है कि जो रहन-सहन का स्तर उन्हें विदेशों से मिलता है वह यहां भारत में नहीं मिल पाता इसे लेकर अपनी भावी पीढ़ी के प्रति चिंतित है इसलिए वह भारतीय नागरिकता छोड़ विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं फिर इनकी यह भी सोच है कि शिक्षा के मामले में भारत से बेहतर पश्चिमी देश हैं यह भी इस समस्या का एक मुख्य कारण बताया जाता है।**

में 131489 सन 2016 में 140603 सन 2017 में 133049 सन 2018 में 134000 सन 2019 में 144000 सन 2020 में 85256 सन 2021 में 163000 और अक्टूबर 22 तक 183741 इस प्रकार कुल मिलाकर पिछले 8 सालों में 1100000 से भी अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता का त्याग कर विदेशों की तरफ रुख किया। केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट में उन देशों का भी जिक्र है जहां इन भारतीयों ने डेरा डाला इनमें अमेरिका सबसे शीर्ष पर है जहां 170000 से अधिक भारतीयों ने शरण ली।

इसके बाद कनाडा ऑस्ट्रेलिया यूके न्यूजीलैंड सिंगापुर जर्मनी स्वीडन और पाकिस्तान का क्रम आता है पाकिस्तान की ओर सबसे कम केवल 48 लोगों ने रुख किया। विशेषज्ञों की यदि इस मामले में माने तो भारत छोड़ने वालों के पास पहली वजह व्यवसायिक सुरक्षा रही भारत में धनवानों को लगता है कि भारत सरकार उन्हें व्यापार के अनुकूल माहौल नहीं बना कर दे पा रही है इसी वजह से धनवान लोग विदेशों में निवेश कर वहीं अपना डेरा डाल रहे हैं दूसरी बड़ी वजह है रहन-सहन का स्तर अमीर लोगों को लगता है कि जो रहन-सहन का स्तर उन्हें विदेशों से मिलता है वह यहां भारत में नहीं मिल पाता इसे लेकर अपनी भावी पीढ़ी के प्रति चिंतित है इसलिए वह भारतीय नागरिकता छोड़ विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं फिर इनकी यह भी सोच है कि शिक्षा के मामले में भारत से बेहतर पश्चिमी देश हैं यह भी इस समस्या का एक मुख्य कारण बताया जाता है। यहां सबसे बड़े दुख का कारण यह है कि भारत सरकार ने इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की ना तो भारतीयों की इस सोच को बदलने के सार्थक प्रयास किए गए और ना ही हमारे देश में ऐसा कोई माहौल पैदा किया गया जिससे यह भागदौड़ कम हो जाए? भारत सरकार ने इस बारे में कोई पहल ही नहीं की जबकि सरकार एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर इस समस्या का हल खोज सकती थी किंतु इस और सरकार ने कोई ध्यान ही नहीं दिया फलस्वरुप हमारे देश की हर साल नागरिकता कम होती जा रही है। अब तक हमारे देश की जिन प्रमुख हस्तियों ने विदेशों में अपनी साख स्थापित की उनमें मुख्य रूप से अभिजीत बैनर्जी सत्या नडेला फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार गोपीचंद हिंदुजा अभिनेत्री दीप्ति नवल आदि हैं भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 5 सालों में नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 36 फ़ीसदी बढ़ी और इनमें से 45 फ़ीसदी लोग अमेरिका में बसे। जबकि भारतीय नागरिकता लेने वालों की संख्या पिछले 5 सालों में 1000 भी नहीं है।

यह तो एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि मानव वहीं जाकर रहना पसंद करता है जहां उसे व्यवसायिक व जीवन सुरक्षा की गारंटी मिले इस परिपेक्ष में आखिर भारतीयों में अपने प्रति असुरक्षा की भावना पैदा क्यों हो रही है तथा वे विदेशों के प्रति रुख क्यों कर रहे हैं? इस रहस्य का केंद्र सरकार ने कभी पता लगाने की कोशिश की या हमारे देश को ही विदेशों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करने वाला बनाने की कोशिश की शायद नहीं इसलिए यह समस्या दिनोंदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है और हमारा देश खाली होता जा रहा है यह चिंताजनक विकराल समस्या है जिस पर भारत सरकार को तुरंत ध्यान देना चाहिए।

# पतंग के माँझे से होती दुर्घटनाएँ कटते पक्षी

**प्रो. शरद नारायण खरे**



गुजरात में उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति पूरे हर्षोल्लास से मनाया जाता है। मगर इस अवसर पर जो पतंगबाजी होती है वह हजारों पक्षियों की मौत का कारण बन रही है। वैसे तो पूरे देश में ही यही हालात हैं पर गुजरात सबसे आगे हैं। अलग-अलग स्थानों पर पतंग के मांझे से यहां सैकड़ों लोग जख्मी हो चुके हैं साथ ही सैकड़ों पक्षी कटकर मर गए हैं।

पतंगबाजी के कारण ही कई युवकों की जान चली गई। 200 से ज्यादा लोगों के गले गए जिनमें से कई का अभी इलाज चल रहा है। इंसानों के अलावा 2 हजार से ज्यादा पक्षी पतंग की डोर से कटे हैं। राजकोट से भी ज्यादा बुरा हाल अहमदाबाद का रहा। 14 और 15 जनवरी दौरान अहमदाबाद में 1500 पक्षी घायल हुए। जिनमें से करीब 100 पक्षियों ने दम तोड़ दिया। इसी प्रकार राज्यभर में 2500 से ज्यादा पक्षी पतंग की डोर की भेंट चढ़ गए। अकेले अहमदाबाद में ही 150 से ज्यादा लोग सड़कों पर मांझे से जख्मी हो गए। राज्य वन विभाग के राउंड फॉरेस्टर भाटिया ने कहा इलाज के लिए लाए गए अधिकांश पक्षी गंभीर रूप से अपने पंखों के कटने या शरीर पर गंभीर कट लगने से घायल हुए थे। हमने जख्मी पक्षियों के 2 हजार से ज्यादा मामले नोटिस किए हैं। विभाग की ओर से कहा गया था कि सुबह 6 से 8 बजे और शांम 5 से 7 बजे पतंग नहीं उड़ाई जाएं क्योंकि ऐसे समय में पक्षी आसमान में ज्यादा उड़ रहे होते हैं। लेकिन शहरों में पतंगबाजी इसी समय ज्यादा हुई। यह सब दुर्भाग्य पूर्ण है।अगर हमें पक्षियों को पतंगों के मांझे से अहमदाबाद स्थित एनजीओ जीवदया चेरीटेबल ट्रस्ट ने 800 से ज्यादा घायल पक्षियों का उपचार किया। एनजीओ के संचालक ने कहा कि हमें उत्तरायण के दिन 378 घायल पक्षी मिले और दूसरे दिन 400 से ज्यादा मिले हैं। अधिकांश पक्षियों में कबूतर शामिल थे जिनके पंख या पैर पर गंभीर चोटें आई थीं।

अन्य पक्षियों में गौरैया तोते उल्लू मोर हरी मधुमक्खी खाने वाले और कंघी बतख शामिल थे। पक्षियों में इस साल जीवित रहने का दर 85 प्रतिशत रहा है। इस साल घायल पक्षियों के साथ पशु भी शामिल हैं। राज्यभर में 357 पशु भी घायल हुए। अहमदाबाद में एंबुलेंस-108 के आंकड़ों से पता चला है कि शहर के विभिन्न अस्पतालों में 72 लोगों को मांझे से संबंधित चोटों के कारण ले जाया गया था। जबकि 87 को गिरने से चोटों के कारण अस्पताल पहुंचाया गया। पूरे गुजरात में करीब 200 लोगों को छोटी-मोटी चोटें पतंगबाजी के दौरान आई। उन पीड़ितों की या तो आंखों के पास चीरे लगे थे या फिर उनके सीने के नीचे कान-नाक और गाल एवं होंठ भी जख्मी थे।

कुछ घटनाएं वाहनों से हुई। एक सर्वे के अनुसार वर्ष 2019 की तुलना में गुजरात में इस बार उत्तरायण पर आपात स्थिति में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जबकि अहमदाबाद के लिए यह आंकड़ा 24 प्रतिशत रहा। चीनी मांझे पर पाबंदी लगाने के बाद भी पतंग-उत्सव में काफी बड़ी संख्या में लोग पक्षी एवं पशु जख्मी हुए हैं। राज्य में छत से गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। यह सब दुर्भाग्यपूर्ण है।यदि हमें पतंग के मांझे से पक्षियों को कटने से बचाना हैऔर दुर्घटनाओं को रोकना हैतो पतंगों में मांझे वाले धागे की बिक्री व प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित करना होगा।

# विधायिका या न्यायपालिका में से कौन सर्वोच्च हैं?

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**



जब देश स्वतंत्र हुआ उस समय देश के सर्वोच्च श्रेणी के विद्वान वकील डॉक्टर शिक्षा विद कानून विद संविधान सभा में रहकर बर्षो मेहनत कर देश का संविधान बनाया था। संविधान के तीन स्तम्भ थे -- विधायिका न्यायपालिका और कार्यपालिका और सबकी अपनी अपनी सीमायें तय की गयी थी। नियमों में संशोधन तत्समय लोकसभा और राज्य सभा में विद्वानों द्वारा संसद की मर्यादा के अंदर बहस होकर संशोधन किया जाता था कारण उस समय देश के पढ़े लिखे सांसद बहस में भाग लेते थे और उस समय सत्ता पक्ष भी विपक्ष के विचारों को आदर देते थे। समय के साथ वरिष्ठ नेताओं की मृत्यु होने से और बाद में नेतागिरी आमदनी का व्यवसाय बन गया और उससे पद प्रतिष्ठा बढ़ने लगी और जितने भी चोर उच्चके गुंडे बदमाश लुच्चे लफंगे हत्यारे डाकू चोर बलात्कारियों की चुनाव में जीतने से सांसद विधायक उसके बाद मंत्री मुख्य मंत्री जैसे संविधानिक पदों पर विराजित हुए और विधान सभा संसद मात्र गहमा गहमी उधम बहिष्कार नारेबाजी का अड्डा बन कर बिना बहस के कानून बनने का कारखाना बना।

आज संसद में मुश्किल से 5% सांसद कानून के साथ बहस करने की योग्यता रखते हैं तब भी उन्हें अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिलता और बहुमत के आधार पर नियम कानून बन जाते हैं। उनमे कुछ कमियां होने से सरकार उनमे सुधार नहीं करती तब न्यायपालिका की भूमिका शुरू होती हैं। जहाँ तक न्यायपालिका का सवाल हैं उनमे 1% अयोग्य हो सकते हैं। न्यायाधीश जज पढ़े लिखे अनुभवी होते हैं जब उनके सामने संसद या विधान सभा से अयोग्य नियम कानून पारित होते हैं तब प्रभावित न्याय की अपेक्षा से न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हैं।

और न्यायालय विधायिका द्वारा मान्य संविधान में त्रुटियां होने से उसमे सरकार से अपेक्षा करते हैं की वे सुसंगत परिवर्तन/परिवर्धन करे तब विधायिका नाक भौह सिकोड़ते हैं। बिमारी का मूल कारण आजकल सांसद/विधायक जनता पर धौस जमा कर चुनाव प्रबधन की दम पर चुनाव जीतते हैं उसमे टिकट खरीदने से लेकर चुनाव जीतने तक जितने भ्र्ष्ट हथकंडे अपनाना पड़ते हैं अपनाते हैं और फिर अन्य-आय से अपनी क्षतिपूर्ति करते हैं। समस्त सांसद विधायक अपना सम्पूर्ण कार्यकाल अपनी आमदनी के लिए चिंतित रहते हैं। उन्हें संसद या विधानसभा की कार्यवाही से कोई मतलब नहीं। इसके बाद कार्यपालिका इतनी जबरदस्त विधायिका पर भारी रहती हैं कारण हमारे सांसद/ विधायक/ मंत्री इतने योग्य नहीं होते और कार्य संपादन और आदेश का काम कार्यपालिका ही करते हैं और उन पर मंत्री सांसदों विधायकों का उतना प्रभाव नहीं रहता जितना होना चाहिए। यदि शिक्षित अनुभवी सांसद विधायक चुने जाए जिन्हे संविधान नियम कानून का उचित ज्ञान हो और जैसा संसद और विधानसभा में पूर्ण निष्ठां के साथ कार्यवाही का सञ्चालन हो और गंभीरता से बहस में हिस्सेदारी हो तो पुनः खोयी प्रतिष्ठा पा सकते हैं अन्यथा ऐसे सम्मलेन का कोई औचित्य नहीं हैं और न रहेगा। संविधान के अनुसार प्रत्येक नागरिक के अधिकार और सुरक्षा का दायित्व सरकार का होता हैं जब सरकार असफल होती हैं तब न्यायपालिका का दरवाज़ा खटखटाना पड़ता हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542 फोन :- 011-46696546 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com
सम्पादकीय कार्यालय :- 15&16 सिंधिया हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

# सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा सोमवार, पाला जमने से सब्जियों-सरसों की फसल को खतरा

जींद (एजेंसी)

मौसम में आए बदलावों के चलते तापमान लगातार नीचे गिर रहा है। सोमवार को तापमान 1.8 डिग्री दर्ज किया गया। इससे रविवार की तरह ही सोमवार को भी पाला जमा। इससे सरसों और सब्जियों की फसलों पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक इसी प्रकार पाला जमने की आशंका जताई है। हालांकि 19 जनवरी से तापमान में कुछ वृद्धि होने की उम्मीद है।

ऐसे में किसानों को फसलों की खास निगरानी रखनी चाहिए। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार के अनुसार लगातार पाला जमने से पौधों के शैल में पानी जम जाता है। इससे पौधा पूरी तरह से खुराक नहीं ले पाता और ठंड के कारण झुलस जाता है। हालांकि इससे गेहूं की फसल पर खास असर नहीं पड़ेगा। सोमवार इस बार सर्दी के मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा।



दरअसल पिछले तीन-चार दिन से तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। रविवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री रहा, जबकि सोमवार को इसमें और अधिक गिरावट आई। ऐसे में सोमवार को न्यूनतम तापमान 1.8 व अधिकतम 17.4 डिग्री रहा। हालांकि दिन के समय अच्छी धूप रही लोगों को सर्दी से राहत मिली, लेकिन साथ चली ठंडी हवा के कारण कंपकंपी रही। ऐसे में लोग हवा की रूकावट वाले स्थानों पर बैठ कर धूप का आनंद लेते नजर आए। शाम पांच बजे ही फिर से सर्दी बढ़ने लगी। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार के अनुसार लगातार पाला जमने से पौधों की शैल में मौजूद पानी जम जाता है। इससे पौधे पूरी तरह से खुराक नहीं ले पाते और झुलस जाते हैं। इससे बचने के लिए विशेषकर सरसों व सब्जियों की फसलों में हल्की सिंचाई करें। इससे जमीन की उष्मा बाहर आएगी और पाला नहीं जमेगा। इसके अलावा किसान फसल पर धुआं कर सकते हैं। इसके लिए जिस तरफ की हवा है, खेत से उसी ओर धुआं करें। ऐसे में फसल के ऊपर धुएं की परत जम जाएगी और तापमान ठीक रहेगा। बागवानी के पौधों व नर्सरी में पौधों को पूरी तरह से ढक दें।

पाले की सीधे चपेट में आने के कारण पौधे खराब हो सकते हैं। सूखी ठंड पड़ने से लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला के अनुसार 50 प्रतिशत मरीज ठंड के कारण होने वाली बीमारियों से ग्रस्त आ रहे हैं। अधिकतर लोगों को बुखार व बदन दर्द के साथ गले में खरास व घुटन की भी दिक्कत है। दिन के समय मौसम सामान्य रहने से हल्की लापरवाही भी भारी पड़ जाती है। ऐसे में कभी ठंडा पानी नहीं पीएं। हल्का गर्म पानी का ही सेवन करें। इसके अलावा सीधे हवा के संपर्क में आने से बचें।

### रेवाड़ी में शून्य डिग्री दर्ज हुआ तापमान, खेतों में जमी बर्फ

**रेवाड़ी** क्षेत्र में बेशक समय से धूप निकल रही है, रात का तापमान लगातार गिरता जा रहा है। मंगलवार की सुबह क्षेत्र का तापमान शून्य डिग्री तक पहुंच गया। खेतों में फसल व घास-फूस पर ओंस की बूंद जम गई। कई जगह खेतों में भरे पानी की ऊपरी स्तर पर बर्फ की परत जम गई। लगातार तीसरे दिन भी पाला जमा रहा। लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और पाला जमने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। रविवार को न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते कई दिनों से शीतलहर के कारण दिल्ली और उसके आस-पास के इलाके कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। मंगलवार सुबह हरियाणा के रेवाडी में तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान गिर कर एक डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन रविवार को न्यूनतम तापमान साढ़े तीन डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 16.50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, शनिवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा तो न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस रहा।



## एक नज़र

### मुर्गियों को लेकर झगड़ा, बुजुर्ग की हत्या, पुलिस से छिपा शव दफनाया

**अजनाला, अमृतसर (एजेंसी)** पुलिस थाना अजनाला के अधीन पड़ते गुराला गांव में रहने वाले गुलजार मसीह (65) और उसके बेटे मैनुअल मसीह को पड़ोसी ने तेजधार हथियारों से हमला करके जख्मी कर दिया। इलाज के दौरान गुलजार की अस्पताल में मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात की है। पुलिस ने गुराला गांव निवासी मूसा मसीह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। गुराला गांव निवासी एलस मसीह ने पुलिस को बताया कि उसका पति गुलजार मसीह और बेटा मैनुअल मसीह मजदूरी करते हैं। उन्होंने अपने घर में मुर्गियां रखी हुई है। अकसर मुर्गियां पड़ोस में रहने वाले मूसा मसीह के घर में चली जाती थीं।

इस पर मूसा झगड़ा करने लगता था। लोहड़ी की रात भी कुछ मुर्गियां मूसा के घर में घुस गईं और शोर होने पर वह उसके घर में जाकर मुर्गियों को ले आई। इसके बाद मूसा तेजधार हथियार लेकर उनके घर में घुसा और गाली-गलौज करते हुए उसके पति पर हमला कर जख्मी कर दिया। जब बेटे ने पिता को बचाने का प्रयास किया तो मूसा ने हथियार से उसे भी जख्मी कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद मूसा फरार हो गया। एलस ने बताया कि उसने पिता-पुत्र दोनों को अस्पताल में दाखिल करवाया। रविवार को उनके पति गुलजार की मौत हो गई। उन्हें पास के कब्रिस्तान में दफना दिया गया। बाद में रिश्तेदारों को जब घटना का पता चला तो सब ने मिलकर अजनाला थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

### प्लास्टिक डोर बेचने वालों पर कसा पुलिस का शिकंजा, 188 आरोपित किए गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** राज्य में प्लास्टिक डोर कीमती जिंदगियों पर भारी पड़ रही है। कई लोग इसके शिकार होकर घायल हो चुके हैं या कई की मौत हो चुकी है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस ने प्लास्टिक डोर बेचने वालों पर शिकंजा कस दिया है। आइजी मुख्यालय डा. सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि ऐसी डोर बेचने वाले 188 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि प्लास्टिक डोर के 10,269 बंडल पकड़े गए हैं और 176 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। प्लास्टिक डोर के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस गैंगस्टरों व आतंकियों से मुकाबला करने वाले सभी पुलिस कर्मचारियों को एके-47 व बुलेटप्रूफ जैकेटों से लैस करेगी। फ्रंटलाइन पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को अत्याधुनिक हथियार मुहैया करवाए जाएंगे। नशे के खिलाफ अभियान पर गिल ने कहा कि पुलिस ने एक सप्ताह में 41.26 किलो हेरोइन, 13.55 किलो अफीम, 55.25 किलो गांजा और 20.48 लाख रुपये की ड्रग्स मनी पकड़ी है। इस दौरान 258 नशा तस्करों को काबू किया गया है।

आइजी ने बताया कि इस सप्ताह ड्रग्स मामले में भगोड़े चल रहे 15 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पिछले साल जुलाई से भगोड़ों को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान के तहत अब तक 623 भगोड़ों को पकड़ा जा चुका है। पिछले सप्ताह पुलिस ने नशे को लेकर 194 प्राथिमिकी दर्ज की, इसमें 31 कामर्शियल मामले हैं। आइजी ने बताया कि सभी एसएसपी और उपायुक्तों को कार्यकारी डीजीपी गौरव यादव की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि वह नशे की बिक्री वाले हाटस्पाट को लेकर सख्ती बरतें।

### पक्का करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए सफाई कर्मी

**जीरकपुर (एजेंसी)** नगर परिषद जीरकपुर के सफाईकर्मियों ने पक्का करने की मांग को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने पंजाब सरकार और नगर परिषद के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। म्यूनिसिपल वर्कर्स वेलफेयर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के प्रधान प्रदीप सूद, दफ्तरी प्रधान रविंदर पाल, गारबेज कलेक्टर यूनियन के प्रधान सुलतान और शमशेर सिंह ने बताया कि जब तक सफाई कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता तब तक हड़ताल जारी रखेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि उनकी मांगों को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ठेकदारी प्रथा खत्म होनी चाहिए। नई भर्ती की जाए, क्योंकि शहर की आबादी तीन से चार गुना बढ़ गई है।

काम करते समय जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिजनों को नौकरी दी जाए, नया पे स्केल लागू किया जाए, डीए की बकाया राशि भी जल्द दी जाए। वहीं, हड़ताल पर जाने से पहले नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी, प्रधान और विधायक से कई बार मांग पत्र भी दिए जा चुके हैं, लेकिन किसी ने उनकी परेशानी की तरफ ध्याना नहीं दिया। इसके बाद आखिर में उन्हें यह कदम उठना पड़ा। पिछले वर्ष भी उन्हें पक्का करने का लारा लगाकर नियुक्ति पत्र दिए थे, लेकिन उन्हें पक्का नहीं किया गया, जबकि उनके कर्मचारी पिछले 18-20 सालों से नगर परिषद जीरकपुर में काम कर रहे हैं। तब से लेकर आज तक उनकी तनख्वाह उतनी ही है।

### शादी से लौटते समय हादसा, मां-बेटे की मौत

**अंबाला (एजेंसी)** अंबाला-साहा हाईवे पर सुबह आठ बजे यमुनानगर की तरफ जा रही इर्टिका कार ट्रक से जा टकराई। कार में एक ही परिवार के पांच सदस्य सवार थे, जिसमें पूनम (मां), अकुल (बेटे) की मौत हो गई। जबकि कार चालक कपिल और उसकी मां शशि की नाजुक हालत देखते हुए चिकित्सकों ने पीजीआइ चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया।

गाड़ी में सवार परिवार लुधियाना के माछीवाड़ा में बेटी की शादी में कन्यादान करके लौट रहा था। घटना के बाद कार में बुरी तरह फंसे कपिल ने पत्नी पूनम और बेटा अकुल का शव देख रिश्तेदारों को फोन करके बोला अब तो सबकुछ खत्म हो गया। पुलिस ने घायलों को नागरिक अस्पताल छावनी के इमरजेंसी में दाखिल कराया, दोपहर बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम करके स्वजनों को सौंप दिया। यमुनानगर के लालद्वारा के निकट चंदन कालोनी में रहने वाला कपिल अग्रवाल अपनी मां शशि, पत्नी पूनम, बेटी आर्ना और बेटा अकुल के साथ इर्टिका कार में सवार को लुधियाना के माछीवाड़ा थे। सोमवार को वह सुबह करीब सवा 6 बजे तेपला के निकट पहुंचे कि सड़क पर खड़े ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में कार में ड्राइवर सीट के साथ बैठी पूनम और अकुल की मौत हो गई। जबकि कार चला रहे कपिल और पिछली सीट पर सवार शशि व आरना बुरी तरह घायल हो गए।

### पड़ोसी ने महिला व बेटी को दूसरी मंजिल से दिया धक्का, दोनों घायल, खुद को भी पहुंचाई चोट

**सिरसा (एजेंसी)** हिसार रोड स्थित जंडी वाली गली में एक युवक ने दूसरी मंजिल से मां-बेटी को धक्का दे दिया। दोनों छज्जे के साथ ही जमीन पर गिर गई। इसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं इस मामले का आरोपित भी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस का कहना है कि मां-बेटी को धक्का देने के बाद उसने दीवार पर अपना सिर मारा है। मामला सोमवार दोपहर का है।




जंडी वाली गली में किराये के मकान में रहने वाली महिला व उसके परिवार का पड़ोसी प्रमोद नाम से रंजिश है। सोमवार को महिला, उसकी बेटी व बेटा दूसरी मंजिल पर धूप सेंक रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तभी प्रमोद ऊपर आ गया और पहले तो महिला की आंखों में मिर्ची पाउडर आंखों में डाला और मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद देखते ही देखते मां लालसा देवी व बेटी खुशबू को दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। लड़के हिमांशु ने बताया कि वे छत पर धूप सेंक रहे थे। पड़ोसी आया और उसने उसकी मां, बहन व उसकी आंखों में मिर्ची डाल दी। इसके बाद मारपीट कर छत से नीचे धकेल दिया। वह डरते हुए नीचे चला गया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रणसिंह ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया गया है।

## केएमपी मांडौठी टोल पर किसान आंदोलन का महिलाओं ने भी संभाला मोर्चा : राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल

ओपन सर्च. संवाददाता

**बहादुरगढ़।** केएमपी मांडोठी टोल पर जल और भूमि युद्ध अनिश्चितकालीन आंदोलन 12वे दिन भी जारी रहा। भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष व राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल के नेतृत्व में हजारों किसानों के साथ आंदोलन चलाया जा रहा है। किसान आंदोलन का महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया है और सरकार को जगाने के लिए अपनी मांगों के लिए आखिरी सांस तक संघर्ष की लड़ाई में डटी रहने की बात कही। और जब तक किसानों की जीत नही होगी तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन यूंही जारी रहेगा।

राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल ने कहा कि आज महिलाएं भी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नही है। राजनीति व सामाजिक कार्यक्रमो में बेटियां, महिलाएं अपनी भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार किसानों की मांगे जल्द से जल्द पूरा करें। महिलाओं ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगे नही मान लेती तब तक वह अपनी मांगों को लेकर यूंही बैठें रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा धरना शांतिपूर्ण गांधीवादी तरीके से चल रहा हैं। किसानों के संघर्ष की जीत होगी। किसान नेता रमेश दलाल ने कहा कि सरकार की जनहितैषी नीतियों से हर वर्ग परेशान हो चुका है। किसान नेता रमेश दलाल ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानो को उनकी जमीन का 10 करोड़ रुपए प्रति एकड़ मुआवजा, एसवाईएल का पानी और 108 हिंदी भाषीय गांव पंजाब से हरियाणा को देने, क्षेत्र के विकास के लिए मेट्रो रेल सेवा का बादली-खरखौदा-मांडोठी-आसौदा तक विस्तार, पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल, किसानों के मसीहा सर छोटूराम, कवि मेहर सिंह दहिया को भारत रतन अवॉर्ड देना चाहिए। इस अवसर पर रामकंवार मांडौठी, सतबीर दलाल, प्रधान बीजे, शर्मिला देवी, किताबो देवी, सुशीला, संतरा देवी, वेदों, कैलाश देवी, रामरती, कविता, रोशनी देवी, शीला रानी, पूनम, मूर्ति, बबली, मुन्नी, इंद्रजीत दलाल, सतपाल, बलजीत, संदीप गुभाना, अनिल, महेंद्र दहिया, मास्टर रणबीर मंडोरा, ईश्वर तुर्कपुर, चंदराम बुपनिया, गजे सिंह, सतपाल, धर्मसिंह आसौदा, अतर सिंह जसौरखेड़ी, सरदारे, रामचन्द्र भगत, राजेन्द्र दलाल, सुबेदार उमेद दलाल, ओम साहब मांडौठी आदि समेत हजारों किसान मौजूद रहे।



**केएमपी मांडोठी टोल पर जल और भूमि युद्ध अनिश्चितकालीन आंदोलन 12वे दिन भी जारी रहा**

**किसान महिलाएं बोली-सरकार को जगाने के लिए अपनी मांगों के लिए आखिरी सांस तक संघर्ष की लड़ाई में डटी रहेंगी**

## राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान युवक ने की गले लगाने की कोशिश

होशियारपुर (एजेंसी)

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, होशियारपुर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को गले लगाने की कोशिश की। हालांकि, वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ कर हटा दिया। पंजाब के लॉ एंड ऑर्डर विंग के आईजी जीएस ढिल्लों ने बताया कि वीडियो से लगता है कि ये सुरक्षा में चूक है। हमने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिस तरीके से उसने राहुल गांधी को गले लगाया, उसकी उम्मीद नहीं थी। जब तक मैं आश्वस्त नहीं होता कि वे बुलाने पर आया था या किसी के साथ आ गया था, तब तक मैं कुछ नहीं कह सकता हूं। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग ने बताया कि युवक, राहुल गांधी का चाहने वाला था, जिसने एक्साइटमेंट में उन्हें गले लगा लिया। उन्होंने कहा कोई सुरक्षा उल्लंघन नहीं था, लोग सिर्फ राहुल गांधी से मिलना चाहते हैं और वह उनका स्वागत करते हैं, वह आदमी सुरक्षा जांच के बाद उनके पास आया और राहुल गांधी से मिलने के लिए बहुत उत्साहित था इसलिए अचानक उसे गले लगा लिया। बता दें कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों पंजाब दौरे पर है। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा होशियारपुर में चल रही है। इससे पहले भारत जोड़ो यात्रा पंजाब के जालंधर में थी। इस दौरान सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया था। एक दिन पहले पंजाब के आदमपुर में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू ने भी यात्रा में हिस्सा लिया था। एक दिन पहले राहुल गांधी ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर भी निशाना साधा था। राहुल गांधी ने सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से कहा कि वह अपनी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दबाव में न आएं, जो रिमोट कंट्रोल से राज्य को चला रहे हैं।

## प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा ने यातायात नियमो के प्रति किया जागरूक

ओपन सर्च. संवाददाता

**बहादुरगढ़।** शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रव्यापी सड़क परिवहन के तहत सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एन.एस.एस. इकाई व रैड



क्रॉस सैल ने ट्रैफिक रूल्स विषय पर निबंध लेखन गतिविधि का आयोजन करवाया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखना चाहिए। हमें वाहनों को निर्धारित गति में ही चलाना चाहिए, जिससे गाड़ी को बहुत जल्द ही संतुलन में लाया जा सके। गाड़ी चालक और सवार को नियमित रूप से यातायात के नियमों का पालन करते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग तथा मोबाइल का प्रयोग ना करने के लिए जागरूक किया। एन.एस.एस. प्रभारी प्रवेश दहिया व रैड क्रॉस प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने बताया कि इस गतिविधि में बी.ए. व बीकॉम प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की जानवी, खुशी, हर्षिता, हिमांशी, गरिमा वर्मा, रीना, श्वेता, रक्षा, राखी, पायल, स्वाति व रुची स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वयंसेविकाओ ने अपने निबंध लेखन के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व अनमोल जीवन को बचाने के लिए विभिन्न सड़क सुरक्षा उपायों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

## नगर परिषद बहादुरगढ़ में नई बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई, अब होगी अधिकारियों, कर्मचारियों की हाजिरी सुनिश्चित

ओपन सर्च. संवाददाता

**बहादुरगढ़।** भाजपा सबका साथ-सबका विकास के साथ प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है और उनकी नीतियों पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए नगर परिषद बहादुरगढ़ लगातार कोशिश कर रही है यह बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने कही।

नगर परिषद बहादुरगढ़ में नई बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है जिससे कि अधिकारियों, कर्मचारियों की हाजिरी लग सके और समय पर नगर परिषद में आ सके। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक मशीन से अधिकारियों कर्मचारियों की हाजरी और गैर हाजरी सुनिश्चित की जाएगी। नगर परिषद में कहीं भी लापरवाही नहीं बरती जाएगी। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने कहा कि बहादुरगढ़ में चहुँमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि सभी 31 वार्डो में बिना भेदभाव के समान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। आमजन से अपील करते हुए चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने कहा कि नगर परिषद में अगर कोई अधिकारी व कर्मचारी रिश्वत या कोई भ्रष्टाचार करता है तो उसकी सूचना उनको दे ताकि उन पर सख्त कार्रवाई की जा सके। जब से वह नगर परिषद चेयरपर्सन बनी है तब से अभी तक नगर परिषद बहादुरगढ़ का भ्रष्टाचार का जीरो आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि साफ छवि, ईमानदार व विकास करवाने के लिए जनता ने उनका चयन किया है। भाजपा सरकार का यही नारा है भ्रष्टाचार पर लगाम लगे और ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो सके। उसी नीतियों पर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्य कर रही है और बहादुरगढ़ के प्रत्येक वार्ड वार्डो, शहर को विकसित करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर ईओ संजय रोहिल्ला, एमई अर्जुन कुमार, सीएसआई बलबीर सिंह, एसआई सुनील हुड्डा, जेई राजेश शर्मा, पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, पार्षद संदीप दहिया, पार्षद पति संजीव मलिक, पार्षद राजेश तंवर, पार्षद विशाल गर्ग आदि मौजूद रहें।

## प्लास्टिक डोर से स्कूटर सवार युवक का चेहरा कटा, लगे 20 टांके

### प्लास्टिक डोर से युवक की भौंहें और नाक बुरी तरह से कट गए। युवक स्कूटर से सड़क पर गिर गया। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया

लुधियाना (एजेंसी)

एलिवेटिड रोड पर सोमवार को स्कूटर सवार एक युवक प्लास्टिक डोर की चपेट में आ गया। प्लास्टिक डोर से युवक की भौंहें और नाक बुरी तरह से कट गए। युवक स्कूटर से सड़क पर गिर गया। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। भौहों व नाक पर 20 टांके लगाने पड़े हैं।

कोट मंगल सिंह की गली नंबर 20 के रहने वाले कमलदीप सिंह कंडा ने बताया कि वह एक शोरूम में काम करता है। सोमवार शाम करीब सवा पांच बजे वह स्कूटर पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। एलिवेटेड रोड पर पहुंचते ही प्लास्टिक डोर उसके चेहरे से उलझ गई। जब तक वह स्कूटर रोकता, प्लास्टिक डोर से उसका चेहरा बुरी तरह कट गया था। जिले में बीते चार दिन में प्लास्टिक डोर के कारण तीन



लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। प्लास्टिक डोर लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। शुक्रवार को चार वर्षीय बच्चा जुझार सिंह प्लास्टिक डोर की चपेट में आ गया था। उसने पंतग देखने के लिए कार का शीशा खोला था। इसी बीच प्लास्टिक डोर से उसका चेहरा कट गया। बच्चे के चेहरे पर 120 टांके लगवाने पड़े थे। डीएमसी में उसका इलाज चल रहा है। रविवार को खन्ना में भी हरबंश लाल नाम का व्यक्ति प्लास्टिक डोर की चपेट में आ गया था। डोर से उसका गला कट गया था। गले में 17 टांके लगाने पड़े थे। बड़ी मुश्किल से उसकी जान बची है।

थाना सिटी के प्रभारी इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो दुकानों पर दबिश देकर वहां से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक डोर जब्त की। नाथ स्टोर चुंगी नंबर पांच के पास से प्लास्टिक डोर के 50 गट्टू और संजीव कुमार उर्फ हैप्पी निवासी गीता कालोनी से 20 गट्टू बरामद किए गए हैं। दोनों के खिलाफ थाना सिटी जगराओं में केस दर्ज किया गया है। वहीं, खन्ना में भी पुलिस ने प्लास्टिक डोर के आठ गट्टू के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की लगातार की जा रही सख्ती के बावजूद प्लास्टिक डोर सरेआम बेची जा रही है और लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

जानलेवा साबित हो रही प्लास्टिक डोर की बिक्री पर भले ही पाबंदी लगा रखी है, लेकिन कई दुकानदार सरकार के आदेशों की परवाह न करते हुए ज्यादा रुपये कमाने के लालच में मानवता के दुश्मन बने हुए हैं, जिनके खिलाफ अब पुलिस ने भी सख्त रुख अपना लिया है। इसके तहत कार्रवाई करते हुए थाना दाखा में तैनात एएसआइ हमीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ छापेमारी कर एक दुकानदार गौतम कुमार निवासी एकता नगर को काबू किया है। उसके कब्जे से 31 गट्टू प्लास्टिक डोर के बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ मामला दर्ज करके जांच की जा रही है।

**प्लास्टिक डोर से हो रहे हादसे थम ही नहीं रहे हैं। लुधियाना में एक और मामला सामने आया है। प्लास्टिक डोर से स्कूटर सवार युवक का चेहरा कट गया। उसके चेहरे पर 20 टांके लगाए गए। जिले में प्लास्टिक डोर से चार दिन में तीन लोग घायल हो गए हैं।**

## एक नज़र

### अवैध खनन पर कार्रवाई ऊना जिला में 16 वाहन जब्त, स्वां नदी में पुलिस ने दी दबिश

**ऊना (एजेंसी)** जिला ऊना में पुलिस ने खनन विभाग के सहयोग से अवैध खनन के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। रविवार रात को पुलिस टीमों ने हरोली क्षेत्र के तहत पड़ते ललड़ी व बाथू-बाथड़ी में स्वां नदी में दबिश देते हुए अवैध खनन में जुटी एक पोकलेन, एक्सकेवेटर, एक मशीन, चार टिप्पर व नौ ट्रैक्टर को कब्जे में लिया है। इसके साथ ही अवैध खनन में जुटे पंजाब के छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इनके विरुद्ध माइंस एंड मिनरल्स (रेगुलेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपितों की पहचान अमनजोत सिंह निवासी गांव ककोट डाकघर पुरखाली तहसील व जिला रूपनगर पंजाब, हरपाल सिंह निवासी जिंदवड़ी तहसील श्री आनंदपुर साहिब जिला रूपनगर, मनदीप सिंह निवासी गांव सलोरा डाकखाना पथरेरी तहसील व जिला रूपनगर, परविन्द्र सिंह निवासी गांव छोटीमकोडी डाकखाना घनोली तहसील व जिला रूपनगर, गुरमुख सिंह निवासी गांव सुआड़ा डाकखाना कलमां तहसील श्री आनंदपुर साहिब रूपनगर, जरनैल सिंह निवासी गांव व डाकखाना मुकारी तहसील श्री आनंदपुर साहिब जिला रूपनगर पंजाब के रूप में हुई है।

### व्यापारी के घर में दिन दहाड़े डकैती मामले में गैंगस्टर राजा सिंह की जमानत अर्जी खारिज

**जम्मू (एजेंसी)** गांधी नगर में दिन दहाड़े हुई डकैती के मामले में एक्साइज मजिस्ट्रेट जम्मू ने गैंगस्टर राजा सिंह की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। पुलिस ने आरोपित की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जम्मू में पहली बार ऐसी डकैती हुई, जिसमें पंजाब तक के गैंगस्टर शामिल थे। इस डकैती में लूटी गई राशि अब तक बरामद नहीं हो पाई है और कुछ अन्य आरोपितों की धरपकड़ होना बाकी है। ऐसे में आरोपित के जमानत पर रिहा होने से केस की जांच प्रभावित हो सकती है।

कोर्ट ने पुलिस की इन दलीलों पर सहमति जताते हुए आरोपित की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। पुलिस केस के मुताबिक पिछले साल सात दिसंबर की सुबह सात बजे के करीब दस लोग हथियारों के साथ गांधीनगर के ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में शहर के एक प्रमुख व्यापारी के घर में घुसे और व्यापारी, उसकी पत्नी, उसके माता-पिता व दो नौकरों को बंदूक की नोक पर ले लिया।

### जोशीमठ की त्रासदी पर ममता बनर्जी ने कहा- आपदा को रोकन के लिए सरकार को बहुत पहले ही उठाने उठाने चाहिए थे कदम

**कोलकाता (एजेंसी)** जोशीमठ नगर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भूस्खलन से दरारें चौड़ी हो रही है। साथ ही भूधंसाव का दायरा भी बढ़ रहा है। सोमवार को 23 और भवनों को चिह्नित किया गया है। राज्य सरकार ने प्रभावितों के लिए मॉडल फेब्रिकेटेड शेल्टर बनाने का निर्णय लिया है।

वहीं, जोशीमठ में हो रहे भूधंसाव पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। ममता बनर्जी ने जोशीमठ में स्थिति को बेहद खतरनाक बताते बुए कहा कि इस आपदा के लिए स्थानीय नागरिक जिम्मेदार नहीं हैं। इसके अलावा लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार को युद्ध स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार को बहुत पहले ही कदम उठाने चाहिए थे क्योंकि भूमि धंसने की भविष्यवाणी पहले ही हो चुकी थी। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में रानीगंज कोयला क्षेत्र का भी जोशीमठ जैसा हश्र हो सकता है क्योंकि यह क्षेत्र भी धंसाव प्रवण है।

### सौतेले बेटे की वजह से बिगड़ा पति-पत्नी का रिश्ता, बच्चे को खत्म कर मां ने लगाई फांसी

**कटक (एजेंसी)** कटक मधु पटना थाना अंतर्गत श्रीराम नगर इलाके में मां और बेटे की मौत की घटना में पुलिस ने कार्रवाई की है, जिसके तहत मृतक महिला शिल्पा के पति संतोष खुंटीआ को कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिल्पा के परिवार वालों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्राथमिक जांच के आधार पर संतोष को दोषी पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर कोर्ट चालान किया गया है।

संतोष और शिल्पा के बीच मोबाइल पर हुई चैटिंग व अन्य सबूतों से फिलहाल पता चला है कि संतोष मानसिक व शारीरिक तौर पर शिल्पा को प्रताड़ित करता था। गिरफ्तार होने के बारे में जानकारी कटक डीसीपी पिनाक मिश्र मंगलवार को मीडिया के जरिये दी।

### शराब धंधेबाज ने उत्पाद विभाग के जवान को बूढ़ी गंडक में डुबोकर मारा

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर जिले में शराब धंधेबाज ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के एक जवान को नदी में डुबोकर मार डाला। घटना सकरा-मुशहरी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका के दरधा की है।

बूढ़ी गंडक नदी किनारे शराब जब्ती के लिए उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम गई थी। इस दौरान पकड़े गए एक धंधेबाज ने जवान को नदी में डुबोकर मार डाला। मृतक जवान दीपक कुमार भागलपुर जिले के रसलपुर एकचारी नयाटोला भोलासर इलाके के रहने वाले थे और मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग में तैनात थे। घटना की सूचना पर उत्पाद अधीक्षक संजय राय, पूर्वी डीएसपी मनोज पांडेय समेत कई पुलिस पदाधिकारी वहां पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद जवान के शव को नदीं से बाहर निकाला गया।

इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल में भेजा गया। बताया गया कि मुशहरी व सकरा थाना के सीमावर्ती इलाका दरधा में बूढ़ी गंडक नदी से सटे इलाके में शराब बनाने की सूचना पर कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग की टीम सोमवार की देर रात पहुंची थी।

# भूकंप के कारण आई थीं मकानों पर दरार, अब बढ़ने लगी इनकी लंबाई और चौड़ाई, दहशत में लोग

**भीमताल (एजेंसी)**



**ओखलकांडा के क्वैराला गांव में मकानों में दरारों की लंबाई और चौड़ाई बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत है। पूर्व में आए भूकंप की वजह से क्वैराला गांव के कई घरों में दरारें आई हुई हैं। जो लंबाई में और चौड़ाई में लगातार बढ़ रही है।**

विकासखंड ओखलकांडा के क्वैराला गांव में मकानों में दरारें पड़ने का मामला सामने आया है। दरारों की लंबाई और चौड़ाई बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत है। सामाजिक कार्यकर्ता मुकुल सिंह ऐरी ने बताया है कि पूर्व में आए भूकंप की वजह से क्वैराला गांव के कई घरों में दरारें आई हुई हैं।

जो लंबाई में और चौड़ाई में लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी प्रशासन को भी दी थी। लेकिन प्रशासन ने सिर्फ आश्वासन दिया लेकिन उसके निदान के लिए कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस गांव में भी बहुत सी जगहों पर जमीन धंस रही है। कुछ लोगों को आंशिक मुआवजा मिला है पर बहुत से परिवार आंशिक मुआवजे से भी वंचित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे क्षेत्र का व्यापक अध्ययन कराने तथा प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की मांग की है। वहीं काठगोदाम से दो किलोमीटर आगे हैड़ाखान रोड का 380 मीटर हिस्सा 15 जनवरी को भूस्खलन की चपेट मे आ गया था।

इस खतरनाक रास्ते से जोखिम भरा सफर फिलहाल जारी है, मगर सड़क की स्थायी मरम्मत और वन भूमि क्षेत्र से एलाइनमेंट जोड़ने का मामला अब भी फाइल से आगे नहीं खिसका। जबकि पुरानी सड़क जरूर खिसक रही है। पहले सड़क की निचली ओर दरार आई थी। अब रोड के पहाड़ी वाले हिस्से में भी दरार पड़ चुकी है। इस स्थिति को लेकर लोनिवि खुद हैरानी में है।

बरसात होने पर खतरा और बढ़ जाएगा। दो माह पूर्व हैड़ाखान रोड पर संकट छा गया था। भूस्खलन ने सड़क पर मलबा गिराया तो रीठासाहिब तक के 200 गांवों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थायी मरम्मत और शोध की दिशा में आगे बढ़ने के लिए लोनिवि के भूविज्ञानी और टीएचडीसी के विशेषज्ञ भी सर्वे को पहुंचे। बाद में टीएचडीसी से पैसों को लेकर मामला अटक गया। इस बीच जनदबाव के कारण लोनिवि ने भूस्खलन की वजह से बंद सड़क से मलबा हटाया और वाहनों के गुजरने को अनुमति दे दी। दूसरी तरफ पहाड़ से लगातार मलबा नीचे गिर रहा है। यह पूरा क्षेत्र भूगर्भीय लिहाज से संवेदनशील है। लोनिवि खुद मान रहा है कि ज्यादा बरसात होने पर ऊपरी क्षेत्र से मलबा सड़क पर गिरेगा।

कई पेड़ भी नीचे गिरेंगे। वहीं, पहले से प्रभावित सड़क पर अब एक और नया संकट खड़ा हो गया है। लगातार पड़ रहे दबाव की वजह से सड़क के दोनों किनारों पर दरार पड़ चुकी है। अधिकारियों के अनुसार 380 मीटर के दायरे में कहीं जमीन के अंदर पानी की मात्रा है तो कहीं पहले से कमजोर स्थिति है।

हैड़ाखान रोड पर मलबे से सड़क को बचाने के लिए लोनिवि ने वायरक्रेट का प्रस्ताव तैयार किया था। आपदा मद से 19.87 लाख रुपये जारी भी हुए, लेकिन सड़क के दोनों तरफ दरार पड़ने की वजह से अब नया संकट पैदा हो गया है। ऐसे में लोनिवि ने अभी वायरक्रेट का काम शुरू नहीं किया है। दूसरी तरफ वन विभाग पेड़ों को लेकर चिंता में है। ऊपरी हिस्से की पहाड़ी पर खड़े पेड़ों के किनारों से मिट्टी छूट रही है। कभी यह नीचे गिर जाएंगे। प्रभावित हिस्से में लगातार हो रही नई हलचल शुभ संकेत नहीं है। विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अन्य प्रस्तावों को लेकर भी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।

## रॉयल एनफील्ड ने नई सुपर मीटियर 650 लॉन्च की

**ओपन सर्च. संवाददाता**



**नई दिल्ली।** क्रूज़र श्रेणी में एक नया कैरेक्टर, स्टाईल और एक्सेसिबिलिटी पेश करते हुए रॉयल एनफील्ड ने नवंबर, 2022 में आईकमा में अपनी खूबसूरत सुपर मीटियर 650 का प्रदर्शन किया। इसके बाद ब्रांड के वार्षिक मोटरसाईक्लिंग महोत्सव - राईडर मानिया में यह मोटरसाईकल अपने सभी रंगों में प्रस्तुत की गई।

आज रॉयल एनफील्ड ने भारत और यूरोप में नई सुपर मीटियर 650 का लॉन्च कर दिया। ब्रांड ने इस मोटरसाईकल की रिटेल उपलब्धता और मूल्य की घोषणा कर दी। दो विशेष वैरिएंट्स - सुपर मीटियर 650 और सुपर मीटियर 650 टूरर और सात विशेष रंगों में निर्मित नई सुपर मीटियर 650 3,48,900 रु. (एक्सशोरूम, भारत) और 6,799 ब्रिटिश पाउंड (ओटीआर, यूके) एवं 7,890 यूरो (एमएसआरपी, फ्रांस) के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध होगी। भारत में इस मोटरसाईकल का डिस्प्ले और बुकिंग आज शुरू हो गए, और इसकी डिलीवरी फरवरी से शुरू होगी। यूरोप में भी बुकिंग आज से शुरू होगी, और रिटेल मार्च 2023 के मध्य से शुरू हो जाएगा। सुपर मीटियर 650 शानदार क्रूज़र बनाने की रॉयल एनफील्ड की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। यह 648सीसी ट्विन प्लेटफॉर्म पर निर्मित है, जो अनेक पुरस्कार जीत चुकी मोटरसाईकल्स, इंटरसेप्टर आईएनटी 650 और कॉन्टिनेंटल जीटी 650 के साथ साल 2018 से पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है। इसका कठोर परीक्षण बेल्जियन पेव, भारत, यूके और स्पेन में हाईवे, बाईवे, कस्बों और शहरों में किया जा चुका है, और इस प्रक्रिया में यह एक मिलियन से ज्यादा किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है, जिसमें इसने सबसे भरोसेमंद और आनंददायक राईड प्रदान की। नई सुपर मीटियर 650 के बारे में सिद्धार्थ लाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, आयशर मोटर्स लिमिटेड ने कहा, ''सुपर मीटियर 650 कई सालों से मिडिलवेट सेगमेंट में हमारे केंद्रण और प्रयासों के बाद विकसित हुई है, और यह हर मामले में थौरोब्रेड, रेट्रो क्रूज़र है। इसकी डिज़ाईन लैंग्वेज, ज्योमेट्री, फॉर्म-फैक्टर और खूबसूरत 650 सीसी ट्विन इंजन इसे अपनी श्रेणी में सबसे खूबसूरत, एक्सेसिबल और सक्षम क्रूज़र बनाता है।

हमने इस मोटरसाईकल का रिफाईनमेंट बढ़ा दिया है, जो आप विभिन्न रेंज में इसके स्मूथ थ्रॉटल रिस्पॉन्स में महसूस कर सकते हैं। इस मोटरसाईकल में आत्मविश्वास बढ़ाने वाली स्टेबिलिटी है, कॉर्नर्स पर बहुत स्थिरता से मुड़ती है, और हाईवे पर काफी अच्छी पकड़ बनाकर चलती है। यह एक परफेक्ट मिड-सेगमेंट की मोटरसाईकल है, जो उन लोगों को भी आकर्षित करेगी, जो आम तौर से क्रूज़र में रुचि नहीं रखते हैं। सुपर मीटियर पूरी दुनिया में क्रूज़र के बाजार का विस्तार करेगी और रॉयल एनफील्ड के ट्विन प्लेटफॉर्म को एक पायदान ऊपर ले जाएगी।''

## पूर्व बैंक कैशियर को 51 लाख रुपए गबन के मामले में उम्रकैद की सजा

**इंदौर (एजेंसी)**

इंदौर की जिला अदालत ने 51 लाख रुपये की नकदी के गबन के मामले में सहकारी बैंक के एक पूर्व कैशियर को उम्रकैद के साथ ही 50 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। 16 जनवरी को 62 वर्षीय नारायण सिंह मकवाना को सजा सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश उत्तम कुमार डार्वी ने कहा कि बैंक की राशि का गबन सामान्य जन मानस के विरुद्ध अपराध है।

बता दें कि मकवाना को भारतीय दंड विधान की धारा 409 (बैंक कर्मी द्वारा आपराधिक न्यास भंग) के तहत सजा सुनाई गई है। अभियोजन के एक अधिकारी के मुताबिक, वर्ष 2018 में सहकारी बैंक में गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। आरोपी ने जांचकर्ताओं को भ्रमित करने के लिए एक कहानी गढ़ी, जिसमें उसने कहा कि गबन की रकम का एक हिस्सा तांत्रिक को दे दिया था। वहीं, आरोपी के वकील ने जज से कम से कम सजा देने की अपील की थी। अदालत ने कहा कि अगर आरोपी को कम सजा दी जाती है तो इसका समाज पर गलत प्रभाव पड़ेगा। नारायण सिंह मकवाना, इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक की हातोद शाखा में बतौर कैशियर काम करते थे और इस दौरान उन्होंने अपने निजी इस्तेमाल के लिए 50 लाख 94 हजार 176 रुपये की नकदी का गबन किया था। विशेष लोक अभियोजक (सरकारी वकील) संजय शुक्ला ने कहा कि ये बात ट्रायल कोर्ट में साबित किया जा चुका है। जांच के दौरान मकवाना का बयान न तो तथ्यात्मक पाया गया और न ही वह इसे अदालत में साबित कर पाया कि उसने गबन की रकम का एक हिस्सा तांत्रिक को दोगुना करने के लिए दे दिया था।

## देश में पहली बार छत्तीसगढ़ से शुरू हुई मध्यस्थता कानून की व्यवस्था, सुप्रीम कोर्ट ने किया प्रदेश का चयन

**बिलासपुर (एजेंसी)**

देश के न्यायालयीन इतिहास में सोमवार को एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। सुप्रीम कोर्ट की पहल और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की देखरेख में प्रदेश के 18 जिलों में मध्यस्थता कानून का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया।

इसके तहत सुलह-समझौते से प्रकरणों का बोझ कम किया जाएगा। पहले दिन प्रशिक्षित न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ताओं को जिला न्यायालयों में उन मुकदमों की फाइल सौंपी गई, जिनमें राजीनामा की संभावना अधिक है। उन्होंने फाइलों का अध्ययन भी किया। चरणबद्ध प्रक्रिया के बाद मामला सुलह के लिए न्यायालयों तक पहुंचेगा।

मध्यस्थता कानून के लागू होने से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में कमी आने के साथ ही सुनवाई पर लगने वाले समय और खर्च की भी बचत होगी। इसके लिए प्रदेश के 40 चुनिंदा न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ताओं को 40 घंटे का प्रशिक्षण दिया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में वर्तमान में 89 हजार 132 मामले और जिला न्यायालयों में साढ़े चार लाख से अधिक मामले लंबित हैं।

वहीं, देशभर के हाई कोर्ट में 59 लाख 63 हजार 848 मामले लंबित हैं। इनमें सिविल के 42 लाख 86 हजार 933 और क्रिमिनल के 16 लाख 76 हजार 915 मामले शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव ओमप्रकाश वारियर ने कहा कि न्याय की यह व्यवस्था सभी पक्षों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ सस्ती भी होगी। इसमें दोनों पक्षों को एक-दूसरे की बातें सुनने और भावनाओं को समझने का पर्याप्त अवसर प्राप्त होगा। इसमें निर्णय लेने का अधिकार भी दोनों पक्षों को रहेगा।

## झारखंड में प्रतिबंधित 11 पान-मसालों की धड़ल्ले से बिक्री

**धनबाद (एजेंसी)**



जिन्होंने तंबाकू मुक्त धनबाद बनाने की शपथ ली, जिन पर कोटपा एक्ट (तंबाकू नियंत्रण कानून) के अनुपालन का जिम्मा है, वही अपने आसपास को तंबाकू मुक्त नहीं बना पा रहे हैं। बहुत धड़ल्ले से तंबाकू उत्पाद की बिक्री हो रही है।

ऐसे पान मसाला भी खुलेआम बिक रहे हैं, जिन पर झारखंड में प्रतिबंध है। यह सब प्रशासनिक अमला के नाक के नीचे हो रहा है। भारत सरकार के तंबाकू नियंत्रण अधिनियम सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा एक्ट) की धारा चार एवं छह के तहत शिक्षण संस्थानों, मंदिर, अस्पताल समेत समस्त सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान और पान मसाला की बिक्री प्रतिबंधित है। इसकी सीमा भी निर्धारित है। 100 मीटर के दायरे में ऐसी कोई भी दुकान नहीं होनी चाहिए, लेकिन हाल यह है कि सभी सरकारी संस्थानों के पास इनकी बिक्री हो रही है। डीसी कार्यालय के मुख्य गेट के पास ही दो पान मसाला की दुकान है। इससे थोड़ा आगे बढ़ने पर सदर अस्पताल के मुख्य गेट के बाएं-दाएं ओर के साथ ही ठीक सामने पान मसाला की बिक्री हो रही है। जिला निबंधन कार्यालय के गेट से सटकर दुकान में पान-मसाला की लड़ी लटकी नजर आ जाएगी। मिश्रित भवन कार्यालय के बाहर तो आधा दर्जन से अधिक दुकानों में पान-मसाला की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। नगर निगम मुख्यालय के पास भी दो दुकानों में इसकी बिक्री हो रही है। आयकर विभाग कार्यालय गांधी चौक के बायीं ओर दुकान में खुलेआम बिक्री होती है। सार्वजनिक स्थलों की स्थिति भी खराब है। बरटांड़ बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के बाहर सबसे अधिक भीड़ होती है।

यहां सिगरेट का धुआं खुलेआम हवा में उड़ता दिखाई दे जाएगा। जिन्हें सिर्फ पानी बेचना है वो बीड़ी-सिगरेट-गुटखा सब बेच रहे हैं। न तो नगर निगम और न ही जिला प्रशासन को लोगों की सेहत की चिंता है। दो माह पहले नवंबर में जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग, सोशियो इकोनामिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से सामूहिक रूप से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

## एचडीएफसी बैंक लिमिटेड 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त नौ महीने की तीन तिमाहियों के लिए वित्तीय परिणाम

**ओपन सर्च. संवाददाता**

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने शनिवार, 14 जनवरी, 2023 को मुंबई में आयोजित अपनी बैठक में 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के पहले नौ महीने के लिए बैंक (इंडियन जीएएपी) के परिणामों को मंजूरी दे दी। बैंक के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा बैंक खातों को सीमित समीक्षा के अधीन ऑडिट किया गया है।

स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामः लाभ और हानि खाताः 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही, बैंक का शुद्ध राजस्व, 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए 18.3 प्रतिशत बढ़कर 31,487.7 करोड़ रुपये हो गया, जो 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए 26,627.0 करोड़ रुपये था। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध व्यापार और मार्क-टू-मार्केट आय को छोड़कर, शुद्ध राजस्व में 22.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय (ब्याज अर्जित घटा ब्याज विस्तृत) 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए 18,443.5 करोड़ रुपये से 24.6 प्रतिशत बढ़कर 22,987.8 करोड़ रुपये हो गया है।

बैंक की कुल शुद्ध ब्याज मार्जिन कुल परिसम्पतियों (एसेट्स) पर 4.1 प्रतिशत था, और 4.3 प्रतिशत ब्याज आय वाली परिसम्पतियों पर आधारित है। 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अन्य आय के चार तत्व 6,052.6 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 5,075.1 करोड़ रुपये), विदेशी मुद्रा और डेरिवेटिव राजस्व 1,074.1 करोड़ रुपये (949.5 करोड़ रुपये ) का शुल्क और कमीशन था। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में, 261.4 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 1,046.5 करोड़ रुपये ) की शुद्ध ट्रेडिंग और मार्क-टू-मार्केट आय और 1,111.8 करोड़ रुपये की वसूली और लाभांश सहित विविध आय (पिछले वर्ष की तिमाही की इसी अवधि में 1,112.5 करोड़ रुपये )। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में नेट ट्रेडिंग और मार्क टू मार्केट आय को छोड़कर अन्य आय में 15.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन व्यय 12,463.6 करोड़ रुपये था, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 9,851.1 करोड़ रुपये से 26.5 प्रतिशत अधिक था। तिमाही के लिए लागत-से-आय अनुपात 39.6 प्रतिशत था। प्री-प्रोविजन ऑपरेटिंग प्रॉफिट (पीपीओपी) 19,024.1 करोड़ रुपये था। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में शुद्ध ट्रेडिंग और मार्क टू मार्केट इनकम को छोड़कर पीपीओपी में 19.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए प्रावधान और आकस्मिकताएं 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए 2,994.0 करोड़ रुपये की तुलना में 2,806.4 करोड़ रुपये थीं। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के 0.94 प्रतिशत की तुलना में कुल क्रेडिट लागत अनुपात 0.74 प्रतिशत था। 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 16,217.6 करोड़ रुपये था। कराधान के लिए 3,958.1 करोड़ रुपये प्रदान करने के बाद, बैंक ने 12,259.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही की तुलना में 18.5 प्रतिशत अधिक है।


## SHRI NIWAS LEASING AND FINANCE LIMITED

CIN: L65993DL1984PLC019141
Regd. Off: 47/18, RAJENDRA PLACE METRO STATION NEW DELHI-110060
Email Id: shriniwas.limited@gmail.com,
Website: www.shriniwasleasingfinance.in
Ph: 9891709895, 9711588531

**Unaudited Financial Result for the Quarter and Nine Months Ended 31.12.2022**

(IN LACS EXCEPT EPS)

| S.N | Particulars | Quarter Ended | | Nine Months Ended | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | CURRENT QUARTER 01.10.2022 to 31.12.2022 (₹) | CORRESPONDING QUARTER 01.10.2021 to 31.12.2021 (₹) | CURRENT NINE MONTHS 01.04.2022 to 31.12.2022 (₹) | YEAR TO DATE FIGURES FOR PREVIOUS YEAR 01.04.2021 to 31.03.2022 (₹) |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from operation | 12.85 | 7.27 | 26.73 | 28.52 |
| 2 | Net Profit / Loss for the period before tax and exception items | 6.28 | 5.07 | 13.32 | 14.99 |
| 3 | Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes) | 6.28 | 5.07 | 13.32 | 15.02 |
| 4 | Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes) | 6.28 | 5.07 | 13.32 | 10.92 |
| 5 | Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)] | 6.28 | 5.07 | 13.32 | 10.92 |
| 6 | Paid up equity share capital | 399.70 | 399.70 | 399.70 | 399.70 |
| 7 | Earning per share after exception item Basic & Diluted | 0.16 | 0.13 | 0.33 | 0.27 |

**Note**

1. The above unaudited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2022 were reviewed by the Audit Committee at the meeting and approved by the Board of Directors and taken on record at the meeting held on 17th January 2023.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial result filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and disclosure requirements) Regulations 2015. The full format of the quarterly financial result are available on the company's website www.shriniwasleasingfinance.in

For and on behalf of board of directors of
SHRI NIWAS LEASING AND FINANCE LIMITED

Date: 17.01.2023
Place: New Delhi

Rajni Tanwar
(Managing Director)
DIN: 08201251

# पार्क से समर्थन मिलने पर सिंधू ने कहा, मेरे कोच ने अपनी भावनाएं व्यक्त की

नई दिल्ली (एजेंसी)

पीवी सिंधू को चोट के कारण पांच महीने बाद वापसी करने के बाद पहले दौर में ही चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। कोर्ट से उनकी लंबी अनुपस्थिति को ध्यान में रखते हुए कोच पार्क ताए-सेंग ने हार के बाद एक भावनात्मक पोस्ट साझा किया था। सोमवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने मलेशिया ओपन में हार के बाद विदेशी कोच से मिले समर्थन पर कहा कि चोट के बाद वापसी करना ही अपने आप में मुश्किल होता है। कोच ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, ''पांचमहीने बाद वापसी की और दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम।

उसके सफलता हासिल नहीं कर पाने में कोच के रूप में मेरी गलती है। हम अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाले इंडिया ओपन की तैयारी करेंगे। कृपया निशाना साधने के बजाय सिंधू को प्रोत्साहित करें।

मैं और अधिक प्रयास करूंगा।'' इस पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर सिंधू ने कहा, ''चोट के बाद वापसी करना अपने आप में एक मुश्किल काम है। मेरे कोच ने अपनी भावना जाहिर की क्योंकि पिछले पांच महीने से हम नहीं खेले हैं। लेकिन हमें खुश होना होगा कि हमने चोट के बाद मारिन के खिलाफ खेलने का प्रयास किया। मुझे उम्मीद है कि अच्छे दिन आएंगे।'' जहां तक एक दूसरे से भिड़ने का सवाल है तो यह सिंधू की मारिन के खिलाफ 10वीं हार थी जिन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक के फाइनल में भारतीय खिलाड़ी को हराया था। वापसी कर रही सिंधू ने कहा कि वह अपने उबरने को लेकर संतुष्ट हैं और मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपने नए कौशल का प्रदर्शन करने की उम्मीद है। सिंधू को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बाएं टखने में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था।

उन्हें पिछले हफ्ते कुआलालंपुर में मारिन के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधू ने इंडिया ओपन टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर पीटीआई से कहा, ''मैं पांच महीने से ब्रेक पर थी इसलिए जब मैंने जनवरी में वापसी कर रही थी तो मलेशिया में खेलते हुए कोर्ट पर वापस आकर खुश थी।'' उन्होंने कहा, ''मलेशिया में मैं खुश थी कि मैं मारिन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकी। कुल मिलाकर मैं अपने खेल से संतुष्ट थी। एक निश्चित स्तर पर खेलना, चोट से वापसी करने के बाद उस स्तर पर खेलना आसान नहीं है।

जीतना और हारना खेल का हिस्सा है लेकिन आपको संतुष्ट रहना होगा।'' इंडिया ओपन के पहले दौर में पूर्व चैंपियन सिंधू का सामना थाईलैंड की सुपानिदा केटथॉन्ग से होगा जिनके खिलाफ पिछले टूर्नामेंट में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, ''मैं सुपानिदा के खिलाफ खेल रही हूं, आप उसे हल्के में नहीं ले सकते।

मैंने उसके खिलाफ कुछ मुकाबले खेले हैं और पिछली बार इंडिया ओपन में उससे हार गई थी इसलिए यह आसान नहीं होगा। उम्मीद है कि इस बार विपरीत नतीजा होगा।'' सिंधू ने कहा, ''हर मैच मेरे लिए कठिन होगा क्योंकि सभी शीर्ष खिलाड़ी यहां होंगे इसलिए हर दौर कठिन होगा। मैं यह नहीं कह सकती कि मैं इसे जीतूंगी लेकिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी। पिछले दो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने अगले साल होने वाले ओलंपिक के संदर्भ में कहा, ''पहले ही 2023 शुरू हो चुका है। यह एक ओलंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष है, बहुत सारे टूर्नामेंट होंगे इसलिए हमें चीजों की योजना बनानी होगी, कौन सी प्रतियोगिता में खेलना है और किसी में नहीं। प्रत्येक टूर्नामेंट मेरे लिए महत्वपूर्ण होगा।



**पदक विजेता सिंधू ने मलेशिया ओपन में हार के बाद विदेशी कोच से मिले समर्थन पर कहा कि चोट के बाद वापसी करना ही अपने आप में मुश्किल होता है। कोच ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, ``पांचमहीने बाद वापसी की और दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम उसके सफलता हासिल नहीं कर पाने में कोच के रूप में मेरी गलती है।**

## राहुल-पंत की गैरमौजूदगी में इस विकेटकीपर को मिलेगी प्लेइंग-XI में जगह, रोहित शर्मा ने किया खुलासा

नई दिल्ली (एजेंसी)

भारतीय टीम और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज 18 जनवरी से हो रहा है। इस सीरीज में टीम इंडिया के दो विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और केएल राहुल भाग नहीं ले रहे है। जहां पंत कार एक्सीडेंट के दौरान चोटिल होने के चलते टीम से बाहर है, तो वहीं केएल राहुल को उनकी शादी के चलते छुट्टी मिली है। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा ने मैच से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर किसे जगह मिलेगी। दरअसल, भारतीय टीम और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 18 जनवरी को खेला जाएगा। इस मैच से पहले कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात का खुलासा किया है कि सलामी बल्लेबाज ईशान किशन पहले वनडे मैच में ओपनिंग करते हुए नजर नहीं आएंगे। रोहित शर्मा ने मैच से पहले साफ कर दिया है कि ईशान किशन ओपिनंग की जगह मध्यक्रम पर बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। बता दें कि ईशान किशन ने पिछले साल 10 दिसंबर को बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। उसके बाद उन्हें श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में विकेटकीपर केएल राहुल के अलावा श्रेयस अय्यर भी नहीं खेलेंगे। ऐसे में ईशान का खेलना तय है। कप्तान रोहित शर्मा ने इसके अलावा वनडे विश्व कप 2023 को लेकर बयान दिया।



## इंडिया ओपन 2023 में लक्ष्य सेन ने किया जीत के साथ आगाज, प्रणय को हराकर लिया पुरानी हार का बदला

नई दिल्ली (एजेंसी)

भारत में हो रहे इंडिया ओपन के पहले ही दिन भारत के दो शानदार शटलर लक्ष्य सेन और प्रणय एचएस की बीच दमदार भिड़ंत देखने को मिली। मौजूदा चैंपियन लक्ष्य सेन ने एचएस प्रणय को सीधे गेम में हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। बता दें कि ये पहला मौका है जब इंडिया ओपन 2023 को सुपर 750 का दर्जा मिला है।

इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हो रहा है। इससे पहले दोनों खिलाड़ियों की भिड़ंत मलेशिया ओपन में एक सप्ताह पहले भिड़े थे। इस मुकाबले में प्रणय ने कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्डमेडलिस्ट को तीन सेटों के मुकाबले में सीधे मात दी थी। इस हार का तत्काल बदला लेते हुए शटलर लक्ष्य सेन ने प्रणय एचएस को हराने में सफलता हासिल की। सेन ने इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में खेले गए मैच में प्रणय को 21-14, 21-15 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने महिला युगल में फ्रांस की मार्गोट लैम्बर्ट और ऐनी ट्रान की दुनिया में 29वें नंबर जोड़ी को 22-20, 17-21, 21-18 से हराया। महिला युगल में ही एन सिक्की रेड्डी और उनकी नयी जोड़ीदार श्रुति मिश्रा जर्मनी की लिंडा एफलर और इसाबेल लोहाउ से एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 17-21, 19-21 से हार गई। इससे पहले डेनमार्क के रासमस गेम्के ने दो बार के विश्व चैम्पियन जापान के केंटो मोमोटा को 21-15, 21-11 से, चीन के शी यूकी ने इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो को 20-22, 21-16, 21-15 से और चीनी ताइपे के वांग तजु वेई ने आयरलैंड के नहैट गुयेन को 21-18, 21-17 से हराया।

अन्य मैचों में चीनी ताइपे के पांचवीं वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन ने ली चेउक इयु को 22-20, 14-21, 21-11 से जबकि झाओ जून पेंग ने वेंग होंग यांग को 21-19, 21-12 से पराजित किया। महिला एकल में तीन बार की पूर्व विजेता रत्चानोक इंतानोन ने मलेशिया की गोह जिन वेई को 21-13, 21-11 से और रियो ओलंपिक की चैंपियन कैरोलिना मारिन ने 2017 की विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा को 21-13, 21-18 से शिकस्त दी। बता दें कि इंडिया ओपन 2023 का आयोजन 17 जनवरी से 22 जनवरी तक नई दिल्ली में हो रहा है। भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित ये देश के सबसे बड़े बैडमिंटन टूर्नामेंट में से एक है। इस टूर्नामेंट में देश और दुनिया के कई बड़े खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है।



**भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने इंडिया ओपन 2023 की शुरुआत अपने हमवतन शटलर प्रणय एचएस को हराकर की है। इस हार के साथ ही बीते सप्ताह हुए मलेशिया ओपन मुकाबले की हार का बदला भी लक्ष्य ने लिया है।**

# एक नज़र

## रानी ने वापसी पर गोल किया, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 5.1 से हराया

**केपटाउन (एजेंसी)** रानी रामपाल ने राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए गोल किया जिसकी मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने चार मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 5 .-1 से हरा दिया। पिछले साल जून में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2021 - 22 में बेल्जियम के खिलाफ खेलने के बाद टीम में वापसी करने वाली रानी ने 12वें मिनट में पहला गोल दागा।



इसके बाद मोनिका (20वां), नवनीत कौर (24वां), गुरजीत कौर (25वां) और संगीता कुमारी (30वां) ने गोल दागे। भारत के पास हाफटाइम तक 5 . 0 की बढत थी। दक्षिण अफ्रीका के लिये एकमात्र गोल 44वें मिनट में कप्तान कानिता बॉब्स ने किया। दूसरा मैच मंगलवार की रात खेला जायेगा। पिछले साल यूनिफर अंडर 23 पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करने वाली मिडफील्डर वैष्णवी फाल्के ने सीनियर टीम में पदार्पण किया। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पहले क्वार्टर में ही बढत बना ली जब रानी ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम और खतरनाक नजर आई और 20वें मिनट में मोनिका ने गोल दागा। इसके चार मिनट बाद नवनीत ने गोल करके भारत की बढत तिगुनी कर दी। एक मिनट बाद गुरजीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। हाफटाइम से ठीक पहले संगीता ने गोल किया।

## आस्ट्रेलियाई ओपन में रूस और बेलारूस के ध्वजों पर प्रतिबंध

**मेलबर्न (एजेंसी)** आस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान मेलबर्न पार्क पर रूस और बेलारूस के राष्ट्रध्वजों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साल के पहले ग्रैंडस्लैम के पहले दिन कुछ दर्शक इन्हें लेकर पहुंचे थे। आम तौर पर मेलबर्न पार्क पर मैचों के दौरान ध्वज दिखाये जा सकते हैं। टेनिस आस्ट्रेलिया ने हालांकि यूक्रेन पर सैन्य हमले के कारण इन दोनों देशों के लिये वह नीति बदल दी है।




टेनिस आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा ,'' हमारी मूल नीति यह है कि प्रशंसक ध्वज लेकर आ सकते हैं लेकिन उनका इस्तेमाल व्यवधान पैदा करने के लिये नहीं कर सकते।'' इसमें कहा गया ,'' कल कोर्ट के पास एक ध्वज पाया गया। हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ माहौल देने के लिये पूरी कोशिश करते रहेंगे।'' यूक्रेन की खिलाड़ी कैटरीना बेंडल की रूस की खिलाड़ी कामिला राखिमोवा पर जीत के बाद एक रूसी ध्वज दिखाया गया था। इसके अलावा सोमवार को रूसी खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव की जीत के बाद उनसे आटोग्राफ के लिये रूसी ध्वज आगे किया गया था। इस प्रतिबंध के बारे में पूछने पर बेलारूस की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कहा कि खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिये लेकिन वह टेनिस आस्ट्रेलिया के फैसले को समझती हैं।

## उमरान मलिक निश्चित ही तोड़ देंगे शोएब अख्तर का रिकॉर्ड, पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच ने किया दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और गेंदबाजी कोच भरत अरुण का मानना है कि उमरान मलिक सबसे तेज गेंद डालने के शोएब अख्तर के रिकॉर्ड को निश्चित ही तोड़ देंगे। भारत और श्रीलंका के बीच हाल ही में संपन्न हुई सीरीज में उमरान मलिक के प्रदर्शन से भरत अरुण काफी प्रभावित हुए।



भरत ने कहा, उमरान मलिक भारत की अच्छी खोज है। वो ऐसे हैं, जो लगातार 150 किमी प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करते हैं। वो भारत की बड़ी प्रतिभा हैं और हमें उसकी प्रतिभा को निखारने की जरुरत है। हमारे पास उन्हें भविष्य में भारत का बेहतरीन तेज गेंदबाज बनाने का मौका है। भरत अरुण ने उमरान मलिक की गेंदबाजी गति और प्रदर्शन का विश्लेषण करके युवा तेज गेंदबाज को अहम सलाह दी है। उन्होंने कहा, तेज गेंदबाजी के लिए शारीरिक फिटनेस और शैली का 50-50 होना जरूरी है। उमरान मलिक को निरंतरता अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए इन दोनों पर काम करने की जरुरत है।

## हीली ने कहा कि अजीब विकेट नहीं बनाने पर भारत जीत सकता है बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी



**नई दिल्ली (एजेंसी)** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली का मानना है कि अजीबोगरीब विकेट नहीं बनाने पर भारत नौ फरवरी से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही बॉर्डर . गावस्कर श्रृंखला जीत सकता है। भारत और आस्ट्रेलिया चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिये काफी महत्वपूर्ण है। हीली ने कहा ,'' भारतीय टीम बहुत अच्छी है लेकिन मैं उनके स्पिनरों को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हूं बशर्ते वे अजीबोगरीब विकेट नहीं बनाये।'' उन्होंने कहा ,'' यदि वे ऐसा करते हैं जैसा पिछली बार आधी श्रृंखला में हुआ था। दो विकेट तो भयानक, अनुचित थे और पहले ही दिन से स्पिनरों का दबदबा हो गया था।'' उन्होंने कहा,'' उस तरह के विकेट होने पर वे बेहतर खेलेंगे लेकिन अगर विकेट सपाट होते हैं जैसे कि भारत में होते हैं और बल्लेबाजों की मदद करते हैं तो हम जीत सकते हैं। मेरा कयास है कि भारत 2 . 1 से जीतेगा अगर मिशेल स्टार्क पहला टेस्ट नहीं खेल पाते हैं।'' स्टार्क को ऊंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहना पड़ सकता है। हीली ने कहा ,'' अगर स्टार्क पहला टेस्ट नहीं खेलता है तो उसके पास दूसरे के लिये भी तैयार होने का पूरा समय नहीं होगा। कोई अभ्यास मैच भी बाद में नहीं है।'' उन्हें हालांकि एशेज श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के कामयाब रहने का यकीन है। उन्होंने कहा ,'' अगर गेंदबाजों में से कोई चोटिल नहीं हुआ और हमारी सर्वश्रेष्ठ टीम उतर सकी तो हम 3 . 1 से जीतेंगे। 'बाजबॉल' (कोच ब्रेंडन मैकूलम और कप्तान बेन स्टोक्स की आक्रामक रणनीति) का कोई असर नहीं होने वाला।

**भारत और आस्ट्रेलिया चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिये काफी महत्वपूर्ण है। हीली ने कहा ,'' भारतीय टीम बहुत अच्छी है लेकिन मैं उनके स्पिनरों को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हूं बशर्ते वे अजीबोगरीब विकेट नहीं बनाये।''**

SHRI NIWAS LEASING AND FINANCE LIMITED

CIN: L65993DL1984PLC019141
Reg Off: 47/18, Rajendra Place Metro Station New Delhi-110060
Email Id : shriniwas.limited@gmail.com, Website:www.shriniwasleasingfinance.in,
Ph: +91-9891709895

NOTICE OF EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING & E-VOTING INFORMATION

NOTICE is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting of the company will be held on Friday 03rd February, 2023 at 04:15 M.P. through Video Conferencing (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM) to transact the business, as set out in the Notice of EGM. The Notice of EGM is available and can be downloaded from Company's Website www.shriniwasleasingfinance.in & BSE www.bseindia.com

In compliance with section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rule, 2014 as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 the Members are provided with the facility to cast their votes on a resolution set for in the notice of EGM using electronic voting system (e-voting) provided by NSDL. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity share held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on 27th January 2023 ('cut-off date').

The remote e-voting commences on 31st January 2023 at 09:00 am IST and ends on 02nd February, 2023. During the period Member may cast their votes electronically. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter. Those Member who shall be present in the EGM through VC/OAVM facility and had not cast their votes on the Resolution through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote during the EGM.

The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend/participate in the EGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their votes again.

Any people who acquires share in the Company and becomes a Member of the Company after the Notice has been sent electronically and hold share as of cut off dates: may obtain the login ID and password by sending a request to evoting@nsdl.co.in. However, if he/she is already registered with NSDL for remote e-voting than he/she can use her/his existing User Id & Password for casting the votes.

If you have not registered your email address with the company/depository you may please follow below instruction for obtaining login details for e-voting :

| | |
|---|---|
| **Physical Holding** | Please provide Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share Certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email toshriniwas.limited@gmail.com |
| **Demat Holding** copy of | Please provide DPID-CLID (16 digit DPID + CLID or 16 digit beneficiary ID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned Aadhar Card) to shriniwas.limited@gmail.com |

Members who have not registered their email addresses with the company may register the same by provide Folio No., Name of shareholder, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to shriniwas.limited@gmail.com & mukesh@bigshareonline.com

For details relating to remote e-voting, please refer to the Notice of the EGM. If you have any queries relating to remote e-voting please refer to Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the downloads section of www.evoting.nsdl.com or contact at toll free no. 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to evoting@nsdl.co.in

The details of EGM are available on the website of the company at shriniwas.limited@gmail.com, BSE at www.bseindia.com

For Shri Niwas Leasing and Finance Limited
Rajni Tanwar
Managing Director
Din: 08201251

Place: New Delhi
Date:17th January, 2023

SUNSHINE CAPITAL LIMITED

CIN: L65993DL1994PLC060154
Reg Off : 209 Bhanot Plaza II 3 D B Gupta Road New Delhi-110055
Corporate Off : 16/121-122, Jain Bhawan, First Floor Faiz Road,
W.E.A Karol Bagh, New Delhi -110005
Email Id : sunshinecapital95@gmail.com, Website : www.sunshinecapital.in,
Ph: +91-9891709895, Tel: 011-23582393

NOTICE OF EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING & E-VOTING INFORMATION

NOTICE is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting of the company will be held on Friday 03rd February, 2022 at 02:15 P.M. through Video Conferencing (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM) to transact the business, as set out in the Notice of EGM. The Notice of EGM & is available and can be downloaded from Company's Website www.sunshinecapital.in & BSE www.bseindia.com

In compliance with section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rule, 2014 as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 the Members are provided with the facility to cast their votes on a resolution set for in the notice of EGM using electronic voting system (e-voting) provided by NSDL. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity share held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on 27th January 2023 ('cut-off date').

The remote e-voting commences on 31st January 2023 at 09:00 am IST and ends on 02nd February, 2023. During the period Member may cast their votes electronically. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter. Those Member who shall be present in the EGM through VC/OAVM facility and had not cast their votes on the Resolution through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote during the EGM.

The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend/participate in the EGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their votes again.

Any person who acquires share in the Company and becomes a Member of the Company after the Notice has been sent electronically and hold share as of cut off dates: may obtain the login ID and password by sending a request to evoting@nsdl.co.in. However, if he/she is already registered with NSDL for remote e-voting than he/she can use her/his existing User Id & Password for casting the votes.

If you have not registered your email address with the company/ depository you may please follow below instruction for obtaining login details for e-voting :

| | |
|---|---|
| **Physical Holding** | Please provide Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share Certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email tosun shinecapital95@gmail.com |
| **Demat Holding** copy of | Please provide DPID-CLID (16-digit DPID + CLID or 16-digit beneficiary ID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned Aadhar Card) to sunshinecapital95@gmail.com |

Members who have not registered their email addresses with the company may register the same by provide Folio No., Name of shareholder, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to sunshinecapital95@gmail.com & mukesh@bigshareonline.com

For details relating to remote e-voting, please refer to the Notice of the EGM. If you have any queries relating to remote e-voting please refer to Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the downloads section of www.evoting.nsdl.com or contact at toll free no. 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to evoting@nsdl.co.in

The details of EGM are available on the website of the company at sunshinecapital95@gmail.com, BSE at www.bseindia.com

For Sunshine Capital Limited
Surendra Kumar Jain
(Managing Director)
DIN: 00530035

Place: New Delhi
Date:17th January, 2023

## अंकिता लोखंडे ने मराठी रीति-रिवाजों से मनाई मकर संक्रांति, पति संग रोमांटिक वीडियो किया शेयर



टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे फेमस एक्ट्रेस होने के साथ-साथ रियल लाइफ में संस्कारी बहू भी है। विक्की जैन से शादी के बाद अंकिता हर त्योहार को बड़ी ही धूम-धाम से मनाती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने पति विक्की जैन के साथ शादी के बाद दूसरी बार मकर संक्रांति का त्योहार मनाया, जिसकी एक झलक एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर की। इस दौरान एक्ट्रेस अपने मराठी अंदाज में नजर आई। सिर से लेकर पैर तक अंकिता मराठी साड़ी और गहनों में नजर आई। मकर संक्रांति के मौके पर अंकिता लोखंडे और विक्की जैन रोमांटिक होते हुए नजर आए।

उनकी बेडरूम फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक तस्वीर में अंकिता लोखंडे पति की गोद में बैठी दिखीं तो एक तस्वीर में विक्की जैन अपनी लेडीलव को गोद में उठाकर किस करते हुए नजर आए। किसी फोटो में अंकिता बेड पर पति विक्की जैन से शर्माते हुए पोज देती नजर आ रही है। मकर संक्रांति के मौके पर अंकिता ब्लैक और गोल्डन कलर की बनारसी मराठी साड़ी पहनी थी। (एजेंसी)

## सात साल बाद टीवी पर वापसी करने जा रही हैं शिल्पा शिंदे, मैडम सर में निभाएंगी पुलिस अफसर का किरदार



भाबीजी घर पर है में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर मशहूर हुई अभिनेत्री शिल्पा शिंदे लंबे समय से किसी डेली सोप में नजर नहीं आई हैं। लेकिन अब लगभग सात साल के बाद अभिनेत्री टीवी पर वापसी करने जा रही हैं। शिल्पा शिंदे जल्द ही मैडम सर में फीमेल पुलिस ऑफिसर एसीपी नैना माथुर का किरदार निभाती नजर आएगी। अभिनेत्री की शो में एंट्री वाला एपिसोड जल्द ही सोनी सब पर टेलीकास्ट होने वाला है। इन सब के बीच शिल्पा शिंदे ने शो में अपने एंट्री सीन की एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस वीडियो में अभिनेत्री पुलिस की यूनिफार्म में थाने में एंट्री करती नजर आ रही हैं। शिल्पा पुलिस की यूनिफार्म में बड़ी ही धाकड़ लग रही हैं। अभिनेत्री ने बिहाइंड द सीन क्लिप को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, %आली रे आली शिंदे आली #ACPNainaMathur, देखिए #MaddamSir - कुछ बात है क्योंकि जज्बात है, सोम-शनि हर रात 10 बजे, सिर्फ @sonysab पर। अभिनेत्री के फैंस को टीवी पर उनकी वापसी का बड़े लंबे समय से इंतजार था, जो अब बस कुछ ही दिनों में खत्म होने वाला है। (एजेंसी)



## श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी की लेटेस्ट फोटो देख छूटे फैंस के पसीने, बोल्ड अदा में ढाया कहर

जाह्नवी कपूर फिल्मों में जितनी सादगी भरे रोल करती हैं, सोशल मीडिया पर उतनी ही ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जाह्नवी कपूर इंडस्ट्री की टॉप मोस्ट ग्लैमरस एक्ट्रेस में से एक हैं। वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आए दिन एक से बढ़कर एक पोज में दिलकश अदाओं के साथ फोटो शेयर करती हैं। कई फैंस उनके बोल्ड फैशन सेंस की भी तारीफ करते हैं। अपनी अदाओं और खूबसूरत चेहरे से लोगों के दिलों को घायल करने वाली जाह्नवी कपूर ने हाल ही में ट्रेडिशनल आउटफिट में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटो को देख फैंस बस उन्हें एक टक निहारने को मजबूर हैं। जाह्नवी कपूर की खूबसूरती तो हर ड्रेस में झलकती है। मगर इंडियन



आउटफिट में उनका लेटेस्ट लुक हर किसी को अपना दीवाना बना रहा है। खासकर साउथ जोन के लोग उनकी ज्यादा तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, मिली एक्ट्रेस ने गोल्डन साड़ी में कुछ फोटो शेयर की हैं। इन तस्वीरों में जाह्नवी कभी ईयरिंग्स को पकड़ते हुए तो कभी पाउट या स्माइल करते हुए पोज देती नजर आ रही हैं। इस फोटो को जाह्नवी ने तमिल भाषा में हैप्पी पोंगल का कैप्शन दिया है।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को पोस्ट करने के एक घंटे के अंदर चार लाख से अधिक लाइक्स मिले हैं। कई सारे फैंस ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की है। वहीं, फैंस इस बात की भी तारीफ कर रहे हैं कि जाह्नवी ने तमिल भाषा में पोंगल फेस्टिवल की बधाई दी है। जानकारी के लिए बता दें कि इस पोंगल पर बोनी कपूर द्वारा प्रोड्यूस की गई तमिल फिल्म थुनिवु रिलीज हुई है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन काफी अच्छा है। थुनिवु 100 करोड़ की दहलीज पर पहुंच गई है। एक्ट्रेस के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करें, तो इस बड़े मियां छोटे मियां और रिलीज होने की संभावना है। (एजेंसी)

## आदिल खान ने पहले शादी से किया इनकार, फिर राखी सावंत के सामने हाथ जोड़ कबूल किया निकाह, सलमान खान की कॉल है वजह

बी-टाउन की ड्रामा क्वीन राखी सावंत की शादीशुदा जिंदगी में इन दिनों हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से अभिनेत्री सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, राखी ने हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड आदिल खान दुर्रानी के साथ चुपके से निकाह रचाया था। दोनों के निकाह की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई थी। इन तस्वीरों में राखी और आदिल गले में वरमाला डालकर अपने निकाह के कागजात दिखाते नजर आ रहे हैं। दोनों के निकाह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने में देर नहीं लगी। निकाह की खबरें सुर्खियों में आते ही आदिल ने इसे मानने से साफ इनकार कर दिया था। इतना ही नहीं आदिल ने अपने और राखी के निकाह को फर्जी तक बता दिया था।



आदिल की इस बात से राखी इतनी बुरी तरह टूट गयी थी कि उन्हें पैपराजी के सामने रो-रो कर अपने दिल का दर्द बयान करना पड़ा था। राखी के रोने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे। बी-टाउन में निकाह को लेकर हो रहे हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरीकार आदिल खान दुर्रानी ने राखी सावंत के साथ अपना निकाह कबूल कर लिया। आदिल ने 16 जनवरी को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दुनिया के सामने अपना निकाह कबूल किया। (एजेंसी)

## गाड़ी से टक्कर लगने के बाद घायल हुई द कश्मीर फाइल्स की एक्ट्रेस, अब ऐसी है हालत

डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री की पत्नी और फिल्म %कश्मीर फाइल्स% की एक्ट्रेस पल्लवी जोशी एक हादसे का शिकार हो गई है। हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म वैक्सीन वॉर की शूटिंग के दौरान पल्लवी जोशी के साथ हादसा हुआ है। यहां शूटिंग के दौरान एक गाड़ी ने बैलेंस खो दिया और अभिनेत्री को टक्कर मार दी। हालांकि हादसे के बाद उनकी तबीयत ठीक है। जानकारी के मुताबिक उन्हें ज्यादा चोटें नहीं आई है। हादसे के बाद पल्लवी ने पहले अपनी शूटिंग को पूरा किया। शूटिंग पूरी करने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। डॉक्टरों का कहना है कि पल्लवी को ज्यादा चोटें नहीं आई है। ऐसे मे घबराने वाली कोई बात नहीं है। जानकारी के मुताबिक पल्लवी जोशी जिस फिल्म वैक्सीन वॉर की शूटिंग कर रही है वो एक असली कहानी पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन भी विवेक अग्निहोत्री कर रहे है। कोरोना वायरस काल में लोगों को जिन परेशानियों का सामना करना पड़ा फिल्म की कहानी उन परेशानियों पर आधारित है।



## तुनिषा शर्मा की मौत के बाद अली बाबा शो के पुराने सेट पर लौटी पूरी टीम, हुआ पूजा-पाठ



टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा की मौत के बाद टीवी शो अली बाबाः दास्तान-ए-काबुल की शूटिंग को कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया था, जिसके बाद इस शो की शूटिंग शुरू हुई लेकिन अली बाबा के उस सेट पर नहीं जहां तुनिषा ने अपनी जान ली थी, बल्कि शो से जुड़ी पूरी टीम नायगांव में बने सेट पर मूव हो गई थी।

वहीं अब पूरे 24 दिनों के बाद शो के ऑरिजिनल सेट पर कास्ट और क्रू लौट आए हैं, जो लीड एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा की मौत के बाद सील कर दिया गया था। इस जानकारी इस शो में नजर आ रहीं टीवी एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने टाइम्स ऑफ इंडिया संग बातचीत में कहा कि- ओरिजनल सेट पर लौटना इतना आसान काम नहीं था, लेकिन यही वक्त की जरूरत थी। उन्होंने कहा, सच कहूं तो मैं इसके लिए तैयार नहीं थी। हमें बीती रात ही पता लगा कि हम वापस पुराने सेट पर शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। (एजेंसी)

## भारत का पहला प्रेसिजन ऑन्कोलॉजी नेविगेशन प्रोग्राम अस्पताल संजय दत्त द्वारा लॉच

### संवाद ने आगे उपन्यास की समझ, कैंसर में आणविक रूप से लक्षित उपचारों और प्रतिक्रिया के विकास को मापने के तरीके को विस्तृत किया

रमाकांत मुंडे.ओपन सर्च

सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल ने आज कार्किनोस हेल्थकेयर (प्रारंभिक पहचान को सक्षम करने के लिए प्रौद्योगिकी संचालित ऑन्कोलॉजी केंद्रित फर्म) के सहयोग से एक ग्लोबल टाउनहॉल का आयोजन किया था, जिसमें डॉ. कीथ टी. फ्लेहर्टी, हावर्ड मेडिसिन स्कूल के प्रोफेसर, डॉ. सुरेश आडवाणी, सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में मेंटर, डॉ. विजय हरिभक्ति, डायरेक्टर ऑन्को साइंसेज, सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल, डॉ. प्रशांत कुमार कार्किनोस और डॉ. टी राजा, डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी, अपोलो चेन्नई।

प्रेसिजन ऑन्कोलॉजी पर विचार-विमर्श किया गया। संवाद ने आगे उपन्यास की समझ, कैंसर में आणविक रूप से लक्षित उपचारों और प्रतिक्रिया के विकास को मापने के तरीके को विस्तृत किया। यह नए उपचारों की कार्रवाई और प्रतिरोध के तंत्र को परिभाषित करने के साथ-साथ इष्टतम लक्ष्य आबादी की पहचान करने के लिए भविष्य कहनेवाला बायोमार्कर पर चर्चा केंद्रित थी। कैंसर की रोकथाम के साथ-साथ इसके उपचार के बारे में शिक्षा को मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श के अलावा, श्रीमती प्रिया दत्त, पूर्व संसद सदस्य, चैंपियन ऑफ कैंसर केयर और नरगिस दत्त फॉउंडेशन की ट्रस्टी, डॉ. तरंग ज्ञानचंदानी, सीईओ, सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल और डॉ. सेवंती लिमये, निदेशक प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी और श्री संजय दत्त (अभिनेता) के इलाज करने वाले डॉक्टर ने 'सारथी' पेशेंट नेविगेशन प्रोग्राम लॉन्च करने की घोषणा की, जो देश में पहला प्रेसिजन नेविगेशन प्रोग्राम है।





यह प्रोग्राम रोगियों और देखभाल करने वालों को समर्पित होगा जो रोगी नेविगेशन के लिए देश भर में गैर सरकारी संगठनों के साथ सहयोग करेंगे। प्रमुख अतिथि श्री संजय दत्त, पुरस्कार विजेता बॉलीवुड स्टार और द डेफेट-एनसीडी पार्टनरशिप द्वारा कैंसर केयर के लिए ग्लोबल चैंपियन, ने अपने उपचार ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ सेवंती लिमये के साथ बातचीत में उस समय से अपनी यात्रा के बारे में बात की जब उन्हें लंग कैंसर का पता चला था। अगस्त 2020 में कैंसर के बारे में बताया कि कैसे उन्होंने डॉ. लिमये और उनकी टीम की चौकस निगाहों के तहत सटीक आधारित उपचार किया और अंततः उन्हें पूरी तरह से ठीक किया। उन्होंने आशावाद और साहस के साथ निदान तक पहुंचने, फिटनेस-पूर्ण जीवन शैली बनाए रखने और इलाज के दौरान अपने दोस्तों और परिवार के समर्थन के अमूल्य योगदान के बारे में बात की।

उन्होंने कैंसर की देखभाल में सटीकता और कैंसर की देखभाल तक पहुंच की चुनौतियों का समर्थन करने की अपनी इच्छा के बारे में भी बात की।

## पति ने हनीमून पर Price टैग के साथ लगा दी थी अभिनेत्री की बोली, कुछ ऐसी रही करिश्मा कपूर की शादीशुदा



90 के दशक की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार करिश्मा कपूर भले ही आज फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव नहीं हैं, लेकिन इस चीज का उनकी लोकप्रियता पर जरा भी फर्क नहीं पड़ा है। अभिनेत्री आज भी लोगों के दिलों पर राज करती है, जैसे पहले किया करती थीं। करिश्मा सिल्वर स्क्रीन पर न सही लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया के जरिए अभिनेत्री अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं और उनके साथ अपनी तस्वीरें-वीडियो शेयर करती रहती हैं।

करिश्मा की तस्वीरें और वीडियो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह अपनी जिंदगी में कितनी खुश है और हर पल को जिंदादिली से जी रही हैं। हालाँकि, अभिनेत्री की जिंदगी हमेशा से इतनी अच्छी नहीं रही हैं। कपूर खानदान की बेटी और एक ज़माने की सुपरस्टार होने के बावजूद करिश्मा ने अपनी पर्सनल जिंदगी में बहुत दुख झेले, जिनका खुलासा उन्होंने संजय कपूर से तलाक लेने के दौरान किया। 29 सितंबर 2003 को, करिश्मा कपूर की शादी उद्योगपति संजय कपूर से हुई थी।

शादी के लगभग 10 साल बाद 2014 में अभिनेत्री ने पति से तलाक लेने के लिए कोर्ट में अर्जी डाली थी। करिश्मा ने अपनी तलाक की अर्जी में पति संजय पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, जिनके बारे में जानकर हर कोई हैरान रह गया था। अभिनेत्री ने अपने पूर्व पति पर आरोप लगाया था कि उन्होंने हनीमून के दौरान से ही उनपर अत्याचार शुरू कर दिए थे। करिश्मा ने बताया कि हनीमून के दौरान संजय ने उन्हें अपने दोस्तों के साथ सोने के लिए कहा था। जब उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो संजय ने उनके साथ मारपीट भी की थी। अभिनेत्री ने यह भी बताया था कि हनीमून पर संजय ने अपने दोस्तों के सामने प्राइज टैग के साथ उनकी बोली भी लगायी थी। इतना ही करिश्मा ने यह भी बताया था कि संजय ने उनसे शादी सिर्फ इसलिए की क्योंकि वह एक मशहूर अभिनेत्री थी। अभिनेत्री का तलाक उस समय एक बड़ा चर्चा का विषय था। करिश्मा कपूर, संजय के साथ शादी के बंधन में बंधने से पहले अभिषेक बच्चन के साथ रिलेशनशिप में थी। दोनों की सगाई भी हो गयी थी, लेकिन फिर कुछ महीनों बाद रिश्ता टूट गया था। मीडिया रिपोर्ट के दावों के अनुसार, जया बच्चन नहीं चाहती थी कि करिश्मा शादी के बाद फिल्मों में काम करना जारी रखें। जया की ये शर्त करिश्मा कपूर और उनकी माँ बबिता को मंजूर नहीं थी, इसलिए उन्होंने शादी तोड़ दी। (एजेंसी)

## ऐश्वर्या राय ने सालभर से नहीं भरा टैक्स, बच्चन के घर पहुंचा नोटिस, जानिए कितने रुपये भरने हैं



ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्हें ना सिर्फ बॉलीवुड बल्कि टॉलीवुड इंडस्ट्री में भी काफी पसंद किया जाता है। ऐश्वर्या राय को अपनी कमाल की एक्टिंग और खूबसूरती के लिए जाना है। ऐश्वर्या राय का नाम आए दिन लाइमलाइट का हिस्सा बनता रहता है। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती हैं। लेकिन अब ऐश्वर्या राय को लेकर एक खबर आ रही है। वह मुश्किलों में फंसती नजर आ रही हैं।

**ऐश्वर्या राय को अपनी कमाल की एक्टिंग और खूबसूरती के लिए जाना है। ऐश्वर्या राय का नाम आए दिन लाइमलाइट का हिस्सा बनता रहता है। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती हैं।**

ऐश्वर्या राय का नाम बकाया टैक्स वाली लिस्ट में आ गया है। खबर आ रही हैं कि एक्ट्रेस की जमीन पर बाकी टैक्स जमा नहीं करने की वजह से नासिक के तहसीलदार ने नोटिस भेजा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐश्वर्या राय ने नासिक के सिन्नर के अड़वाड़ी इलाके में एक पवन चक्की के लिए जमीन खरीदी दी थी। जिसका उन्होंने करीब एक साल से टैक्स जमा नहीं किया है। इस जमीन का टैक्स 21,960 रुपए है। इस बकाया टैक्स के चलते सिन्नर के तहसीलदार ने 9 जनवरी को ऐश्वर्या राय को नोटिस भेजा था। ऐश्वर्या के अलावा 1200 अन्य संपत्ति मालिकों को भी टैक्स बकाया के लिए नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि ऐश्वर्या राय 776 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। वह अपनी एक फिल्म के लिए 10-12 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। ऐश्वर्या लोरेल, लक्स, नक्षत्र डायमंड ज्वेलरी, टाइटन, लोधा ग्रुप, कल्याण ज्वेलर्स जैसे बड़े ब्रांड्स की ब्रांड एंबेसडर भी हैं। वह अकेले ब्रांड इंडोर्समेंट से 80-90 करोड़ रुपये कमाती हैं। मुंबई के बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स में एक 21 करोड़ रुपए का अपार्टमेंट है। वहीं उनके पास दुबई में भी अपार्टमेंट है। (एजेंसी)